भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 20 दिसम्बर - 26 दिसम्बर, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

मार्गशीर्ष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - अष्टमी , संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-43, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## छोटी काशी में चारों तरफ शराब व मांस-मच्छी की उड़ती सड़ांध?

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**कहने** को तो जयपुर के अनेक नाम है, जैसे गुलाबी नगरी, पिंकसिटी, छोटी काशी, भारत का पेरिस। मगर जब जयपुर की भूमि पैर रखोगे तो सामने सबसे पहले दिखाई देगी शराब की दुकानें या फिर मांस-मछली या जाल में कैद मुर्गे-मुर्गियों के झुंड। उदाहरण के तौर पर जयपुर में रेलवे स्टेशन से बाहर आते ही मांस और मदिरा की दुकानें दिखाई देंगी। इसी प्रकार सिंधी कैंप हो पोलोविक्ट्री जहां जयपुर आने-जाने वाले यात्रियों की रेलमपेल लगी होती है। यहां दुकानों के बाहर मुर्गे और मछलियां लटकती दिखाई दे जाएंगी। यूं तो दिनभर यहां यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। मगर शाम के समय तो यहां आने-जाने वाले यात्रियों की इतनी भीड़ होती है कि यहां से निकल पाना बहुत मुश्किल होता है। बड़ी-बड़ी बसें और पैदल यात्रियों की भीड़। इन सबके बीच मांस के लोथड़े और टंगे मुर्गे-मछलियां खुले में दिखाई देते हैं। यहां सारे यात्री तो मांसाहारी होते नहीं है। अधिकांश यात्रियों को इन स्थानों पर उड़ती सड़ांधों के बीच से गुजरना पड़ता है। कई शाकाहारी लोगों को तो उलटी तक आ जाती है। नाक पर रुमाल रखकर आंखों को खोलते-मीचते हुए राम-राम कहकर निकलना पड़ता है। मोतीडूंगरी रोड जहां से गणेशजी के मंदिर जाने वाले लोग गुजरते हैं वहां भी यही हाल है। घाटगेट के आसपास भी ऐसा ही है। गलताजी जाने के लिए रामगंज से गुजरना पड़ता है। यहां भी यही हाल है। चांदपोल दरवाजे के सामने देख लो। यूं तो जयपुर में चारों तरफ मुख्य बाजार हों, या रिहायशी कॉलोनियां सब जगह मांस और मदिरा की दुकानें सजी मिल जाएंगी। छोटी-छोटी गलियां तक इनसे अछूती नहीं है। परकोटे के बाहर विकसित होती नई कालोनियों में भी इनके पैर पसर चुके हैं। इन सबके अलावा मांस के व्यापारी जानवरों के अपशिष्टों को यहां-वहां दिन के उजाले में या रात के अंधेरे में सड़क किनारे फेंक कर चले जाते हैं। ऐसे स्थानों से होकर गुजरना भी बड़ा ही मुश्किल भरा काम है। मक्खी भिनभिनाती रहती हैं। कुत्तों का झुंड वहां मौजूद रहता है। सड़ांध और दुर्गंध के बीच से एक भला आदमी कैसे गुजरता है यह तो वही अच्छी तरह से बता सकता है। अन सबके बीच संबंधित विभाग और उनके अधिकारी क्या इन सबसे अनभिज्ञ हो, ऐसा कदापि नहीं हो सकता। कोई पर्यटक जब जयपुर को देखने के उद्देश्य से घर से निकलता है तो एक सभ्य और धार्मिक छवि अपने दिमाग में बनाकर चलता है। मगर जब यहां की धरती पर पैर रखता है तो उसे क्या नजर आता है और जयपुर की क्या छवि उसके दिमाग में बनती होगी। ये उसके अलावा कोई नहीं बता सकता। इसलिए मांस व मदिरा की दुकानें चाहे वे रजिस्टर्ड ही क्यों न हो। इस तरह कहीं भी खुले में बेचने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। वैसे भी जयपुर अब अपराधों की नगर बनता जा रहा है। देखिए, भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार क्या करती है!

Shivdayalmishra@gmail.com

## प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे, कोहरा छाया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। सर्दी के सितम बढ़ने से आमजन परेशान होने लगा है। आज सवेरे राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे दिखे। लोग आज सवेरे कड़ाके की सर्दी के चलते गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। राजधानी जयपुर में हालांकि आज सवेरे धूप खिली, लेकिन जयपुर को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिलों में सर्दी का जोर नजर आए। श्रीगंगानगर क्षेत्र में आज सवेरे आसमान में घना कोहरा छाया। जानकारी के अनुसार प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। उत्तरी हवाओं के जोर से प्रदेश में सर्दी लगातार बढ़ रही है। साथ ही कोहरा भी छाया हुआ है। आज सवेरे श्रीगंगानगर के लाधूवाला में घना कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना थी कि वाहनों को धीमे व हैडलाइट जलाकर चलाना पड़ा। ऐसा ही हाल प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी देखने को मिला।

### # Loksabha Karwahi : विंटर सेशन में सदन से अब तक 141 सांसद निलंबित

# दोनों सदनों के 49 सांसद सस्पेंड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंधमारी पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के चेयरमैन ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों सदनो को मिलाकर मंगलवार को 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इनमें से 41 सांसद लोकसभा और 8 सांसद राज्यसभा के हैं। बता दें कि 18 दिसंबर तक कुल 92 सांसद सस्पेंड थे लेकिन आज की कार्रवाई के बाद ये आंकड़ा 141 सांसदों पर पहुंच गया है।

### अब ये बड़े नेता हुए सस्पेंड

लोकसभा की कार्रवाई को बाधित करने और सिंहासन की तरफ गलत आचरण के आरोप में कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम, शशि थरूर, बीएसपी से (निष्कासित) दानिश अली, एनसीपी की सुप्रिया सुले, सपा सांसद एसटी हसन, टीएमसी सांसद माला रॉय, सपा नेता डिंपल यादव और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू को सस्पेंड किया गया है। इस बात की जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी है।



टीएमसी सांसद कल्याण कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति धनकड़ की नकल राहुल गांधी के सामने उतारी।

### अब तक कुल 141 सांसद पर गिरी गाज

**लोकसभा** से 41 सांसदों को निलंबित किया गया है। इसके अलावा आठ राज्यसभा सांसदों को भी सस्पेंड किया गया है. इसके साथ ही अबतक 141 सांसदों पर एक्शन लिया जा चुका है। 18 दिसंबर तक संसद के कुल 92 सांसद सस्पेंड थे। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि वे सदन में तख्तियां लाकर देश की जनता का अपमान कर रहे हैं। हाल के चुनावों में मिली हार के बाद वो हताश हैं। यदि उनका यही व्यवहार जारी रहा तो वे अगले चुनाव के बाद वापस नहीं आएंगे। ये फैसला हो चुका था कि वे सदन में नहीं आएंगे। ये स्पीकर के सामने तय हुआ था। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दिया गया है।

## INDIA गठबंधन ने खरगे को बनाया पीएम उम्मीदवार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक नई दिल्ली में खत्म हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में सीट शेयरिंग और 2024 के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी पर चर्चा हुई। बैठक में बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा इसके लिए एक नाम का सुझाव भी दिया है। ममता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को विपक्ष की ओर पीएम पद के लिए सुयोग्य बताया। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने भी इस नाम का समर्थन किया। सीट शेयरिंग को लेकर इस बैठक में बात हुई लेकिन इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।



### मुख्यमंत्री ने बनाई चाय.. उफनने नहीं दी

**जागरूक जनता @** प्रदेश में नई सरकार का गठन हो चुका है पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री ने सत्र के एक दिन पहले भरतपुर दौरे के दौरान चाय की दुकान पर कुछ यूं चाय बनाई। अब देखना यह है कि चाय का स्वाद कैसा होगा। वैसे सीएम ने स्वयं फीकी चाय पी।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in


# 16वीं विधानसभा का प्रथम सत्र आज से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने 16 वीं विधानसभा के प्रथम सत्र को आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है। राज्यपाल मिश्र ने बताया कि 16वीं विधानसभा का प्रथम सत्र आज से प्रारंभ होगा। इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ द्वारा 20 दिसंबर को नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी। दूसरे दिन 21 दिसंबर को शेष रहे विधायकों की शपथ और राजस्थान विधानसभा के स्पीकर का चुनाव होगा। विधानसभा अध्यक्ष पर भाजपा की ओर से मनोनीत वासुदेव देवनानी का सत्र के दौरान चयन किया जाएगा। सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल का अभिभाषण होगा। राज्यपाल ने प्रोटेम स्पीकर के साथ तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया है। इसमें वरिष्ठ विधायक दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी और किरोड़ी लाल मीना को शामिल किया गया है।

### मंत्रियों के नाम तय, जल्द होगा शपथ ग्रहण

सूत्रों की मानें तो नए मंत्रियों के नाम लगभग तय हो चुके हैं। सीएम भजन लाल शर्मा द्वारा पिछले दिनों दिल्ली दौरे में वरिष्ठ नेताओं के साथ नामों पर सहमति बनाई जा चुकी है। सत्र के बाद नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। इसमें नए चेहरों के साथ कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी महत्वपूर्ण पद दिए जाने की संभावना है।

### विभाग बनाएंगे 100 दिन का एक्शन प्लान

सीएम ने बीते दिनों सभी विभागों के एसीएस और प्रमुख सचिव की बैठक ली थी। जिसमें जीरो टॉलरेंस नीति के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मोदी सरकार के 25 साल के विजन के अनुसार योजनाएं तैयार करने के निर्देश भी बैठक में सीएम ने दिए। सभी विभाग भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार करेंगे।

## 25 साल में पहला मौका... कैबिनेट में नहीं होगा कोई अल्पसंख्यक चेहरा!

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब भाजपा में मंत्रिमंडल गठन की कवायद चल रही है। मंत्रिमंडल तैयार करने में जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन भी देखा जा रहा है, लेकिन इस बार कोई भी अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम चेहरा कैबिनेट में देखने को नहीं मिलेगा। 25 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब मंत्रिमंडल में एक भी अल्पसंख्यक नहीं है। 1998 से लेकर 2018 तक 5 सरकारों में एक या दो मुस्लिम चेहरे कैबिनेट में रहे हैं।

**ये मुस्लिम चेहरे रहे मंत्री :** 1998 में गहलोत सरकार के पहले कार्यकाल में चौधरी तैय्यब हुसैन, अब्दुल अजीज और हबीबुर्रहमान मंत्री रहे। 2008 से 2013 में गहलोत सरकार में दुर्रूमियां और नसीम अख्तर इंसाफ मंत्री रहे। गहलोत सरकार के तीसरे कार्यकाल में सालेह मोहम्मद और जाहिदा खान मंत्री रहे। वहीं भाजपा सरकार में 2003 से लेकर 2008 और 2013 से 2018 तक यूनुस खान कैबिनेट मंत्री रहे।




ANCHOR | ज्ञानवापी मस्जिद केस

# मुस्लिम पक्ष की पांचों याचिकाएं खारिज

### 6 माह में सुनवाई के आदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का प्रकरण लगातार चर्चा में बना हुआ है। सोमवार को एएसआई ने ज्ञानवापी के साइंटिफिक सर्वे की रिपोर्ट जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में जमा कराई। इसके बाद अगली सुनवाई 21 दिसंबर को किए जाने की घोषणा की गई। वहीं, मंगलवार को अब हर किसी की नजर इलाहाबाद हाई कोर्ट पर टिकी हुई थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट में ज्ञानवापी से जुड़ी पांच याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने 8 दिसंबर को पांचों मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था। मंगलवार की सुबह जस्टिस अग्रवाल ने इन पांचों केस में फैसला सुनाया। उन्होंने मुस्लिम पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई याचिकाओं को खारिज कर दिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर पांच याचिकाओं में से तीन वाराणसी कोर्ट में 1991 में दायर किए गए केस की पोषणीयता से जुड़ी हुई थी। वहीं, दो अन्य याचिका एएसआई सर्वेक्षण के खिलाफ दायर की गई थी। अब इन पांचों याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है।

### हाई कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका



**इलाहाबाद** हाई कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की पांचों याचिकाओं को खारिज कर दिया। 1991 में वाराणसी की अदालत में दर्ज केस की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट के आदेश के बाद सिविल कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई शुरू होगी। एएसआई सर्वे को लेकर दायर किए गए केस को खारिज किए जाने के बाद जिला कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी।
1991 के एक्ट लागू होने पर भी फैसला : भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के मित्रों ने वाराणसी जिला कोर्ट में वर्ष 1991 में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें ज्ञानवापी मस्जिद पर हिंदू पक्ष का दावा किया गया। विवादित परिसर को हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई। वहां पर पूजा- अराधना का अधिकार मांगा गया। इस केस के कोर्ट में चलने को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं।

'कचरा डिपो फ्री सिटी' का प्लान तैयार, धरातल पर होगी निगरानी

# सड़क पर कचरा डाला तो भरना पड़ेगा जुर्माना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम ने परकोटे के बाजारों के साथ मुख्य मार्गों को 'कचराडिपो फ्री सिटी' बनाने की कवायद फिर से शुरू कर दी है। इसके लिए कचरा डिपो पर एक–एक हूपर खड़े किए जाएंगे, जिससे सीधे ही हूपर में कचरा डाला जा सकेगा। वहीं बड़े कचरा डिपो पर हर जाने में गार्ड तैनात किए जाएंगे, जो लोगों से समझाइश करने के साथ कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद करेंगे। बार–बार कचरा डालने वालों के चालान भी किए जाएंगे।

हैरिटेज नगर निगम ने कुछ माह पहले ही परकोटे के बाजारों के साथ अन्य बाजारों से कचरा डिपो हटाने का प्लान तैयार किया। इसके लिए निगम प्रशासन ने 'कचराडिपो से फ्री सिटी' का खाका तैयार किया। इसे मूर्त रूप देने के लिए कचरा डिपो पर हूपर खड़े किए गए और वहां गार्ड तैनात किए गए, लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते प्लान पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर पाया और शहर में फिर से कचरा डिपो बन गए। अब निगम प्रशासन ने फिर से कचराडिपो फ्री सिटी को लेकर कवायद शुरू कर दी है। निगम अफसरों की मानें तो अगले सप्ताह तक यह प्लान धरातल पर उतरेगा।



### कितने कचरा डिपो पर हूपर

| जोन – हूपर | जोन – हूपर |
|---|---|
| हवामहल – 5 | सिविल लाइंस – 4 |
| किशनपोल – 7 | आदर्श नगर – 6 |

### बार-बार कचरा, बढ़ी परेशानी

डिपो पर बार–बार कचरा आने से परेशानी बढ़ रही है। इससे कचरा डिपो स्थाई बनते जा रहे है। निगम के संसाधन सुबह 10 से 12 बजे तक डिपो से कचरा उठा लेता है, उसके बाद भी कचरा आने से डिपो बन रहे है। अब डिपो पर बार–बार कचरा आने से रोकने के लिए निगम ने तैयारी की है।

### कचरा डाला तो चालान

हैरिटेज निगम स्वास्थ्य उपायुक्त नूर मोहम्मद का कहना है कि जहां सबसे अधिक परेशानी आ रही है, ऐसे कचरा डिपो हमने चिह्नित कर लिए है। वहां हम हूपर खड़े कर रहे है, वहीं कुछ जगहों पर गार्ड भी तैनात कर रहे है। बार–बार कचरा डालने वालों के चालान भी करेंगे।

### यह होगा काम

'कचराडिपो फ्री सिटी' प्लान के तहत निगम प्रशासन बड़े कचरा डिपो पर अब हूपर खड़े करेगा, इसके अलावा कुछ कचरा डिपो पर गार्ड तैनात किए जाएंगे। निगम अफसरों ने ऐसे कचरा डिपो चिह्नित कर लिए है, जहां सबसे अधिक परेशानी आ रही है। हैरिटेज निगम के चारों जोन क्षेत्रों में 40 से अधिक ऐसे कचरा डिपो है, जहां बार–बार कचरा आने से डिपो स्थाई बनते जा रहे है। निगम प्रशासन ने प्रथम चरण में 20 से अधिक कचरा डिपो पर स्थाई हूपर खड़े करने का प्लान तैयार किया है, जबकि 15 से 20 डिपो पर गार्ड तैनात की तैयारी कर ली है।

## कांग्रेस अपनी ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतरेगा, देवनानी का स्पीकर बनना तय

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा की सरकार बन गई है। पार्टी ने 115 सीटों पर जीत दर्जकर बहुमत हासिल किया है और भजन लाल शर्मा नए सीएम बन गए हैं। अब 20 दिसंबर से दो दिन का विधानसभा सत्र भी शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

20 को सुबह 11 बजे प्रोटेम स्पीकर के तौर पर कालीचरण सराफ कुर्सी संभालेंगे। इसके बाद सराफ प्रोटेम स्पीकर पैनल में शामिल दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी और किरोड़ी लाल मीणा को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद अन्य विधायकों की शपथ होगी। सबकी निगाहें 21 दिसंबर पर टिकट गई हैं। इस दिन विधानसभा को नया अध्यक्ष मिलेगा। विधानसभाध्यक्ष के निर्वाचन से पहले ही कांग्रेस बैकफुट पर है। कांग्रेस अपनी ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतरेगा यानी सर्व समिति से वासुदेव देवनानी का चयन होगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार दोपहर 12 बजे से पहले प्रस्तावकों के नाम विधानसभा सचिव को देने होंगे, जिसके तहत पार्टी की ओर से प्रस्तावक नाम देंगे। भाजपा ने वासुदेव देवनानी का नाम तय किया है और उनका विधानसभाध्यक्ष बनना तय है।

### यूं होगा विधानसभा अध्यक्ष का चयन

**विधानसभा** अध्यक्ष बनने के लिए कार्यवाही के दौरान नाम का प्रस्ताव रखा जाता है। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्तावक यह नाम रखते हैं। इस प्रस्ताव का अनुमोदन अन्य सदस्यों से करवाना जरूरी होता है। जिस विधायक का नाम प्रस्तावित है उसे भी लिखित सहमति देनी होती है, तभी उसका स्पीकर के रूप में निर्वाचन को वैध माना जाता है।

मीट की अवैध दुकानों पर कार्रवाई

# 5 सीज, 25 को नोटिस, 35 ने मांगा लाइसेंस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** शहर में मीट की अवैध दुकानों पर ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रेटर निगम ने अब तक मीट की 5 अवैध दुकानों को सीज कर दिया है, वहीं 15 दुकानों से मीट जब्त कर नोटिस थमा दिए है। 35 लोग लाइसेंस लेने भी पहुंचे है। जबकि हैरिटेज नगर निगम ने मीट की 10 अवैध दुकानों के चालान किए, जिन्हें लाइसेंस लेने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। राजधानी में अवैध मीट दुकानों को लेकर जागरूक जनता ने 13 दिसम्बर को 'दिन में सफाई, रात में वही शनाई, निगम मौन' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर इस मामले को उठाया। इसके बाद ग्रेटर नगर निगम और हैरिटेज नगर निगम ने शहर में अवैध मीट दुकानों पर कार्रवाई शुरू की, वहीं सर्वे कार्य जारी है।

### हैरिटेज में 10 दुकानों के चालान

**हैरिटेज** नगर निगम ने भी शहर में मीट की अवैध दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध दुकानों को चिह्नित करने के साथ भट्टा बस्ती क्षेत्र में मीट दुकानों पर कार्रवाई की। इस दौरान करीब 50 दुकानें चैक की गई, इस दौरान कुछ दुकानदार मौके से भाग छूटे, इस बीच 10 दुकानों के चालान किए और उन्हें लाइसेंस लेने का 7 दिन का समय दिया गया।

### ग्रेटर निगम में 20 दुकानों पर कार्रवाई


जागरूक सिटी
दिन में सफाई, रात में वही शनाई, निगम मौन

**निगम** पशु प्रबंधन शाखा की चिकित्सक डॉ. नेहा गौड़ ने बताया कि ग्रेटर निगम क्षेत्र में मीट की अवैध दुकानों को चिह्नित कर रहे है, इसके लिए सर्वे चल रहा है। वहीं पिछले तीन दिन में करीब 20 अवैध दुकानों पर कार्रवाई की गई, इसमें अवैध रूप से स्लॉटरिंग करने पर 5 दुकानों को सीज किया गया, जबकि 15 दुकानों से करीब 40 किलो मीट जब्त किया गया। यह कार्रवाई सांगानेर, डिग्गी मालपुर रोड व मानसरोवर थड़ी मार्केट पर की गई है। निगम क्षेत्र में सभी जोन में टीम लगा रखी है, जो अवैध मीट दुकानों पर सर्वे कर रही है।

### *35 लोगों ने लाइसेंस के लिए किया आवेदन*

*चिकित्सक डॉ. नेहा गौड़ ने बताया कि दो दिन में करीब 35 लोगों ने मीट दुकानों के लाइसेंस लेने के लिए आवेदन किया है, इनमें कुछ नवीनीकरण के है तो कुछ नए दुकानदार भी है। अब तक 285 लाइसेंस नवीनीकरण कर दिए गए है। जबकि 400 दुकानें ग्रेटर निगम क्षेत्र में है।*

## सरयू पारीण ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सरयू पारीण ब्राह्मण समाज राजस्थान, जयपुर का वार्षिकोत्सव और दीपावली मिलन समारोह बीते दिनों यहां धूमधाम और उल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें जयपुर के अतिरिक्त जोधपुर, भिवाड़ी, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ सहित राजस्थान के कोने कोने से सरयू परिवार के पदाधिकारी भाई बहन, राजस्थान कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महामंत्री आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने पर आनंदवर्धन शुक्ल और प्रोफेसर जे पी एन पांडेय की विशेष आतिथ्य में किया। कार्यक्रम में शिक्षा अथवा सेवा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के प्रतिभावान बच्चों/युवकों और युवतियों का सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले समाज के बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। विवाह योग्य समाज युवक-युवतियों का परिचय कर समाज के माध्यम से परिणय सूत्र में बंधने का पहल किया गया। इस दौरान 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर, अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापना समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्राप्त पीले चावल बांटे गए और संदेश पढ़कर सुनाया गया। समारोह में 600 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

## बार एसोसिएशन चुनाव में निचार्चित कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट कृष्ण वीर यादव ने लिया आशीर्वाद



**जयपुर @ जागरूक जनता।** निवारू रोड स्थित सनराईज सीटी निवासी कृष्ण वीर यादव ने दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट, जयपुर के वार्षिक चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। एडवोकेट कृष्ण वीर यादव को महाराज जी द्वारा माला, साफा व दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राहत आदिशक्ति फाउंडेशन के फाउंडर संदीप पारीक, ज्योति प्रकाश यादव, नरेश चौधरी, विजेंद्र पूनिया, आदि उपस्थित रहे।

## बेसिक्स ऑफ स्पेक्ट्रोस्कॉपी विषयक सत्र आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कनोडिया पी. जी.महिला महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की ओर से "बेसिक्स ऑफ स्पेक्ट्रोस्कॉपी" विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को रसायन विज्ञान के क्षेत्र मे उपयोग की जाने वाली नई तकनीकियों की जानकारी देना था। सत्र के मुख्य वक्ता डा. विजय बेनीवाल ,सहायक आचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर रहें। इन्होंने छात्राओं को स्पेक्ट्रोस्कॉपी के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी व शोध में इसकी उपयोगिता को विस्तार से समझाया। सत्र में 73 छात्राओं व शिक्षिकाओं ने भाग लिया। उपप्राचार्य डा. रंजना अग्रवाल ने सत्र की सराहना करते हुए, छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रूरल हेल्थ एंड डवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से प्रिंस एकेडमी में एडमिनिस्ट्रेटिव रोड सेफ्टी एडवोकेसी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें एक्सपर्ट्स द्वारा एक्सीडेंट के कारणों, ट्रैफिक नियम, मोबाइल फोन का इस्तेमाल, वाहनों की गति तथा रोड पर ओवरटेक करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस प्रोग्राम में लोगों को जागरूक करने के लिए ब्रोशर, वाहनों को चलाने के नियमों के लिए किताब, लोगों के विचारों को जानने के लिए प्रश्न सेट बांटे गए। पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटीशन, फ्लेक्स- डिस्प्ले तथा रोड अवेयरनेस रैली द्वारा रोड सेफ्टी एंड एडवोकेसी के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही एक्सपर्टस ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी वीडियों क्लिप दिखाया और बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली ।

# विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी में दुर्घटना को आमंत्रण देता सड़क मार्ग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर तिराहे पर आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। यह एक ऐसा तिराहा है जहां एक तरफ मंदिर मोड़ से ट्रैफिक आता है तो दूसरी तरफ बियानी कॉलेज की तरफ से ट्रेफिक आता है। यहां आकर एक संकरी सी सड़क में ये चौड़े मार्ग मिल जाते हैं। वहीं पुलिस लाइन नेहरू नगर की तरफ से आने वाला ट्रेफिक यहीं से गुजरता है। तो ऐसी स्थिति में यहां जाम लग जाता है। जाम लगना तो अलग बात है मगर यहां सीकर रोड से आने वाले भारी वाहनों को भी कई बार इसी रास्ते से निकाला जाता है। कभी-कभी यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर इधर वाहनों को अलका सिनेमा से डायबर्ट कर दिया जाता है जबकि चोरी-छुपे आने वाले भारी वाहन भी इधर से ही गुजरते हैं। इस बारे में पं. मनोज शर्मा (वार्ड 24 अध्यक्ष भाजपा) ने बताया कि शाम-सुबह ऑफिस के समय तो यहां से निकलना मुश्किलभरा हो जाता है। प्रातः स्कूलों का समय भी होता है जहां छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए महिलाएं पैदल ही इस रास्ते से गुजरती हैं जिसकी वजह से हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान देकर इस मार्ग को चौड़ा किया जाना चाहिए। सड़क पर अतिक्रमण भी किया हुआ है। हालांकि अतिक्रमण तो मंदिर मोड़ सर्किल और उसके आसपास काफी किया हुआ है। अभी हाल ही एक बिल्डर ने आम रास्ते को ही रोक दिया है। जबकि दूसरे रास्ते पर किसी ने दीवार ही बनाकर मार्ग अवरुद्ध दिया है। मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

## पानी का प्रेशर बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित जे.पी. कॉलोनी में पानी के लो-प्रेशर से आमजन को परेशानी हो रही है। इसके लिए सेक्टर 4 स्थित वाटर बॉक्स में कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने पानी के प्रेशर को सही करवाने बाबत ज्ञापन पत्र सौंपा। इस मौके पर पंडित मनोज शर्मा (वार्ड 24 अध्यक्ष भाजपा), सतीश जागा, भगवान साय पटवा, दिनेश शर्मा, पप्पू, दिनेश पटवा एडवोकेट विक्रम सिंह, रविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## शिविर में एकत्रित हुआ 101 यूनिट रक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** उन्नति विहार वेलफेयर एंड मेंटेनेंस सोसाइटी अध्यक्ष घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में समाज हित में प्रथम रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सोसाइटी वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 101 यूनिट रक्तदान करके पुण्य के भागीदार बने। विद्याधर नगर सेंट्रल स्पाइन अधक्ष मुकेश बिवाल, नरेंद्र सिंह, हरी शंकर, केसरमल शर्मा, महेश अग्रवाल व अजीत विप्र सेना अध्यक्ष विद्याधर नगर, भवानी, मनोज शर्मा, योगेश जांगिड़, रत्नाकर, सुनीता, संदीप मौजूद रहे। ह्वह्य शिविर में मनोज चमडिया ने अपना 100वा रक्तदान किया।

## श्री गौ गुरु पुष्टि महामहोत्सव 23 से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री बाबाजी की कुंई बलराम आश्रम ट्रस्ट, बस्सी की ओर से श्री गौ गुरु पुष्टि महामहोत्सव का आयोजन श्री बलराम आश्रम बस्सी चक में 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कथा के मनोरथी अनीता एवं कमलेश खंडेलवाल खानपुरा वालों ने बताया कि यह महामहोत्सव संत स्वामी बलराम दास महाराज के 113वें जन्मदिवस के उपलक्ष में किया जा रहा है। इस मौके पर अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे। मुख्य धार्मिक आयोजन की कड़ी में श्री गौ भागवत कथा का आयोजन होगा जिसमें प्रहलाद दास महाराज अपने कथा प्रवचनों से भक्तों को गौ कथा का रसपान कराएंगे। इस आयोजन का शुभारंभ 23 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा लक्ष्मण जी महाराज मंदिर गुडा से रवाना होकर बालाजी की कुंई बलराम आश्रम पहुंचेगी। कथा महोत्सव में अग्रपीठ रेवासा धाम के राघवाचार्य महाराज, लोद्रा वाले स्वामी बलराम दास महाराज, सिद्ध पीठ बैनाडा धाम के स्वामी रामदयाल दास महाराज सहित अनेक विद्वान संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। कथा आयोजन के तहत प्रतिदिन गौ पुष्टि महायज्ञ होगा।

## कांस्टेबल शारीरिक दक्षता परीक्षा 27 को

**जयपुर@ जागरूक जनता।** कांस्टेबल भर्ती-2023 जिला जयपुर ग्रामीण की शारीरिक दक्षता परीक्षा नेहरू नगर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी स्टेडियम में 27 दिसंबर प्रातः 6 बजे से आयोजित की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। पात्र अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## शिवदासपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 8 ट्रेनों का होगा ठहराव, बदले रूट से दौड़ेंगी 4 ट्रेनें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अब शिवदासपुरा पदमपुरा स्टेशन पर आठ ट्रेनों का ठहराव होगा। इससे यात्रियों का काफी सहूलियत मिलेगी। राधा स्वामी सत्संग मेले के कारण 22 से 25 दिसम्बर तक आठ ट्रेनों का शिवदासपुरा पदमपुरा स्टेशन पर अस्थायी ठहराव होगा। कोटा-हिसार-कोटा एक्सप्रेस, जबलपुर-अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर-कोटा- श्रीगंगानगर एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर- झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस, इंदौर-भगत की कोठी ट्रेन, भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 22 से 25 दिसम्बर तक ठहराव करेगी। इधर, जयपुर मंडल के फतेहपुर शेखावाटी-कायमसर रेलखंड के मध्य 21 दिसम्बर को तकनीकी कार्य के कारण चूरू-जयपुर व जयपुर-सीकर का संचालन प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेगा।

# मलमास शुरू, मांगलिक कार्यों पर विराम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खरमास की शुरुआत के साथ ही विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई। इस चलते राजधानी में बैंड, बाजा और बारात की रौनक नहीं दिखाई दे रही। खरमास में पूजन, धार्मिक अनुष्ठान तथा कथा प्रवचन पर रोक नहीं रहेगी। इस कारण इस मास में राजधानी के विभिन्न वार्डों में भागवत व रामकथा के साथ ही अन्य ग्रंथों का वाचन होगा। इन कथाओं के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों में भगवान राम और कृष्ण की दी हुई सीख-उपदेश जीवन के कई परेशानियों से निजात दिलाएंगे व सद्कर्मों पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे। उधर, 22 दिसंबर को गीता जयंती के कारण कृष्ण मंदिरों व अन्य स्थानों पर भागवत गीता का वाचन होगा। ज्योतिषविदों के मुताबिक 14 जनवरी तक खरमास रहेगा। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि खरमास में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश व जनेऊ संस्कार सहित अन्य मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं होता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इस अवधि में सूर्यदेव अपने गुरु बृहस्पति की सेवा में रहेंगे। सूर्य की अनुपस्थिति में कोई भी मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता। उन्होंने बताया कि खरमास साल में दो बार आता है। अगले वर्ष मई-जून में विवाह के मुहूर्त नहीं रहेंगे। इन दोनों माह में शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण लोगों को विवाह मुहूर्त के लिए ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा।

### ग्रहजनित दोषों के निवारण के लिए पूजा-पाठ

मलमास में ग्रहजनित दोषों के निवारण के लिए पूजा तथा दान किया जा सकेगा। अशुभ ग्रहों के फल को टालने के लिए उन ग्रहों की कारक वस्तुओं का दान दिया जाना चाहिए। जरूरतमंद रोगियों को दवा का दान एवं भूखों को भोजन से अनंत पुण्य की प्राप्ति होगी।



**उम्मीदों को लगे पंख: चिकित्सा-शिक्षा के अलावा ट्रांसपोर्ट की सुविधा का हो विस्तार**

# राजधानी से मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, अब बरसों पुराने मुद्दों के समाधान की जगी आस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजधानी के एक विधायक अब मुख्यमंत्री हैं और दूसरी विधायक उप मुख्यमंत्री। ऐसे में अब शहरवासियों की उम्मीदें भी आसमान पर हैं। इन जनप्रतिनिधियों को जयपुर के पांच बड़े मुद्दों पर ध्यान देने की दरकार है। यदि इन मुद्दों पर सरकार ने समय सीमा निर्धारित कर काम किया तो लाखों लोगों को सहूलियत मिलेगी। कोई राजधानी में सरकारी पानी के लिए तरस रहा है तो कोई बस के इंतजार में कई घंटे खड़ा रहता है। रोज हजारों लोग पास में सरकारी अस्पताल न होने की वजह से कई किमी का सफर तय कर सवाई मानसिंह अस्पताल आते हैं।

## शहर फैला, सार्वजनिक परिवहन सीमित

जयपुर प्रदेश का सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। लेकिन, मेट्रो का दायरा सीमित है। आठ वर्ष में मेट्रो का रूट सिर्फ 12 किमी तक पहुंच पाया है। तेईस किमी का दूसरा चरण (अम्बाबाड़ी से सीतापुरा तक) जब तक धरातल पर नहीं आएगा, तब तक यात्रियों को कोई फायदा नहीं होगा। वहीं, सिटी बसें भी आबादी के लिहाज से कम हैं। चालीस लाख आबादी वाले शहर को 1500 सिटी बसों की जरूरत है। अभी 200 बसें ही चल रही हैं। तीन सौ इलेक्ट्रिक बसें दो साल से नहीं आ पाई हैं।

## ड्रेनेज सिस्टम फेल

राजधानी का ड्रेनेज सिस्टम फेल हो चुका है। सीकर व अजमेर रोड की कॉलोनियों में बुरा हाल है। जेडीए ने 40 करोड़ रुपए से पानी निकासी का प्लान तैयार किया है। लेकिन, धरातल पर काम शुरू नहीं हो पाया है। अजमेर रोड स्थित कमला नेहरू नगर के आस-पास बरसात के दिनों में वाहन तक तैरने लगते हैं। परकोटा के कई इलाकों में भी ड्रेनेज सिस्टम न होने से दुकानों में पानी भर जाता है।

## पेयजल की किल्लत

बाहरी इलाकों में पानी की किल्लत है। पृथ्वीराज नगर में करीब छह लाख की आबादी को सरकार पानी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। सांगानेर, दिल्ली रोड से लेकर टोंक रोड, अजमेर रोड और आगरा रोड पर भी सैकड़ों कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोगों को सरकारी पानी का इंतजार है। शहर के बीचों बीच गंदे पानी की भी नियमित रूप से शिकायतें आती हैं।

## जर्जर सीवर लाइन बदलनी होगी

परकोटा क्षेत्र में सीवर लाइन जर्जर हो चुकी है। छह लाख की आबादी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा मालवीय नगर, सी-स्कीम, मानसरोवर, बनीपार्क से लेकर जवाहर नगर में भी सीवर लाइन जवाब दे चुकी हैं। पृथ्वीराज नगर में भी हाल बेहाल है। इस क्षेत्र में सीवर लाइन डाले जाने का काम चल रहा है। इसको गति देनी होगी।

## वर्टिकल डवलपमेंट पर फोकस जरूरी

शहर के आस-पास सैटेलाइट टाउन बनाने की बात वर्षों से हो रही है। अब इनको विकसित करने का समय है। कनेक्टिविटी पर भी फोकस करना होगा। फैलते शहर को रोकने के लिए वर्टिकल डवलपमेंट को बढ़ावा देना होगा। इससे मूलभूत सुविधाओं पर कम खर्च होगा और लोगों को भी शहर के आस-पास ही रहने के लिए घर मिल सकेगा।

## इन पर भी ध्यान देने की जरूरत

» लक्ष्मी मंदिर तिराहे को सिग्नल फ्री कर दिया गया है। वहीं, बी टू बाइपास को सिग्नल फ्री करने का काम चल रहा है। ओटीएस और जेडीए चौराहे के साथ-साथ रामबाग चौराहे से भी ट्रैफिक लाइट हटाने का काम शुरू करना चाहिए।

» दिल्ली रोड, आगरा रोड, टोंक रोड और अजमेर रोड पर बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है। अजमेर रोड पर तो काम भी हो रहा है। बाकी जगह भी इस काम को तेजी से करवाया जाए।

» आचार संहिता से पहले शिवदासपुरा, कानोता और बालमुकुंदपुरा में सैटेलाइट अस्पताल का शिलान्यास हो चुका है। इनका काम तय समय में सरकार ने पूरा किया तो सवाई मानसिंह अस्पताल का भार कम होगा।

# राजस्थान का जल्द मिलेगा नया मुख्य सचिव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश को नया सीएम मिलने के साथ ही अब नए मुख्य सचिव की तलाश भी तेज हो गई है। वर्तमान सीएम उषा शर्मा का कार्यकाल 31 दिसंबर को पूरा हो रहा है। ऐसे में जल्द ही नए सीएस की घोषणा की जाएगी। माना जा रहा है कि इस बार दिल्ली से ही मुख्य सचिव आएंगे। राजस्थान के टॉप 10 आईएएस में 5 अभी दिल्ली में काम कर रहे हैं। राजस्थान काडर में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के आईएएस संजय मल्होत्रा, वी. श्रीनिवासन, रोहित कुमार सिंह और रजत कुमार मिश्रा इस दौड़ में शामिल हैं। इनके अलावा



राजेश्वर सिंह, शुभ्रा सिंह और सुधांश पंत का नाम भी सीएस के लिए भी चल रहा है।

## वित्त मंत्रालय का अच्छा अनुभव

**संजय** मल्होत्रा को राजस्थान के सभी विभागों में काम करने का अनुभव है। मूलतः राजस्थान के रहने वाले मल्होत्रा को वित्त मंत्रालय का भी अनुभव है। रजत मिश्रा 1992 बैच के आईएएस हैं। वर्तमान में वे दिल्ली में खान व उर्वरक सचिव के पद पर कार्य कर रहे हैं।

## इन तीन आईएएस के नाम भी शामिल

**दिल्ली** के जहाजरानी मंत्रालय में कार्यरत सुधांश पंत भी इस दौड़ में हैं। पिछली सरकार में तबादलों से परेशान होकर उन्होंने दिल्ली स्थानांतरण करवा लिया था। इसी तरह राजेश्वर सिंह और शुभ्रा सिंह भी सीएस की दौड़ में शामिल हैं।

## प्रशासनिक सुधार विभाग में कार्यरत

**वी.** श्रीनिवासन वर्तमान में दिल्ली में पीएम मोदी के मंत्रालय प्रशासनिक सुधार विभाग में तैनात हैं। इससे पहले भी उनका नाम सीएस के लिए चर्चाओं में था। हालांकि गहलोत सरकार ने उषा शर्मा को सीएस बना दिया। रोहित कुमार सिंह भी इस दौड़ में शामिल हैं। वे राजस्थान में जब भी भाजपा सरकार रही है, तब अच्छे पद पर रहे हैं।

# राज्यपाल मिश्र 20 से 22 तक उदयपुर दौरे पर

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार से शुक्रवार 22 दिसंबर तक उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल बुधवार 20 दिसंबर की सुबह 11 बजे राजकीय विमान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से कार द्वारा सर्किट हाउस आएंगे। राज्यपाल श्री मिश्र दोपहर 12.05 बजे महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विवि के विवेकानंद सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। वे वहां से 2.30 बजे राजसमंद के पिपलांत्री गांव के लिए प्रस्थान करेंगे।



**राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने ली बैठक**

# लंबित प्रकरणों सहित अन्य आवश्यक कार्य आपसी समन्वय से करें पूर्ण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की 9 वीं बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में शर्मा ने आरओडब्ल्यू व स्टेट आरओडब्ल्यू पोर्टल, सीबीयूडी मोबाइल एप्लीकेशन, डीसीआरआई, पीएम गतिशक्ति एनएमपी पोर्टल सहित अन्य सम्बंधित विषयों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागीय स्तर पर भूमि आवंटन एवं वन विभाग की मंजूरी के लंबित प्रकरणों सहित अन्य आवश्यक कार्य आपसी समन्वय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे ऑप्टिकल फाइबर केबल, मोबाइल टावर इंस्टालेशन आदि के कार्य जल्द पूरे किये जा सके। बैठक में आयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग इंद्रजीत सिंह, अपर महा. (दूरसंचार) बृजेश प्रजापति व दूरसंचार विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे तथा राजस्व, नगरीय विकास, स्वायत्त शासन, पंचायती राज सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

# 6 से ज्यादा नेताओं को मिली थी वाई और जेड श्रेणी की सुरक्षा, होगी समीक्षा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिछली सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं को मिली सुरक्षा को लेकर गृह विभाग जल्द समीक्षा करेगा। फिलहाल गृह विभाग को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हरी झंडी का इंतजार है। इसके अलावा भाजपा नेताओं की भी सुरक्षा को लेकर भी मंथन होगा। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस सरकार में जिन नेताओं को वाई और जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, उनके बारे में इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर ही फैसला लिया जाएगा कि उनको मिली सुरक्षा बरकरार रखी जाए, कटौती की जाए या फिर हटा दी जाए।

## इन कांग्रेस नेताओं को मिली हुई है सुरक्षा

पिछली सरकार में जिन नेताओं को सुरक्षा मिली हुई थी उनमें प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया, जोगिंदर सिंह अवाना, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी शामिल हैं। गोविंद सिंह डोटासरा और जोगिंदर सिंह अवाना को जहां वाई श्रेणी की सुरक्षा मिला हुई है तो वहीं पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिला हुई है। प्रदेश प्रभारी रंधावा को पंजाब सरकार के साथ-साथ राजस्थान सरकार ने भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी हुई थी।

## वैभव गहलोत को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा

इधर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र और आरसीए चेयरमैन वैभव गहलोत को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी लेकिन अब सरकार बदलने के बाद उनकी सुरक्षा में भी कटौती करने या फिर हटाने का फैसला लिया जा सकता है।

# सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान करें-गुहा

**100 दिन की कार्ययोजना एवं 25 वर्ष के विजन पर कार्य करें**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि वर्तमान समय में सहकारिता क्षेत्र में आए बदलावों को ध्यान में रखकर राज्य में भी सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्विति पर कार्य करे। गुहा सहकार भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के विजन को ध्यान में रखकर कार्य करें। सहकारिता में केपिसिटी बिल्डिंग पर ध्यान देने के साथ ही इस पर आधारित कार्ययोजना को बढ़ावा दिया जाए। सहकारिता में कार्ययोजना तैयार करते समय क्रेडिट सेक्टर, दलहन एवं तिलहन खरीद, रिटेल एवं आधारभूत ढांचे को ध्यान में रखकर मूर्त रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का आने वाले समय में व्यापक स्तर पर उपयोग होगा। इसके लिए किसानों को ड्रोन उपलब्ध हो, इस पर कार्य किया जाए। गुहा ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को राज्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर अपनाएं जिससे कि इसका फायदा पात्र लोगों को मिल सके।

**ANCHOR** | **बदलाव**

# अब मर्जी से नहीं रोक पाएंगे नामांतरण, रोका तो ऑटो म्यूटेशन पर आगे बढ़ जाएगी फाइल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राजस्व विभाग में नामांतरण को लेकर अधिकारियों के चक्कर काटने से लोगों को अब राहत मिलेगी। सरकार एवं विभाग ने नामांतरण प्रक्रिया को ऑनलाइन करते हुए इसे ऑटो मोड पर कर दिया है। अब पटवारी पांच दिन से ज्यादा किसी का नामांतरण और रजिस्ट्री को नहीं रोक पाएंगे।

तहसीलदार को भी सात दिन में निस्तारण करना होगा। इससे ज्यादा रोका तो फाइल ऑटोमेटिक स्वीकृत होकर आगे बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि कृषि अथवा व्यावसायिक भूमि के नामांतरण भरने की एवज में रिश्वत मांगने पर एसीबी के हाथों ट्रैप की कार्रवाई के मामले अक्सर सामने आते हैं। प्रदेश में जिला स्तर पर सतर्कता समितियों में भी सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि का नामांतरण करने में आनाकानी की होती है। नई व्यवस्था से जमीन खरीदने, बेचने और पैतृक जमीन में नाम जोड़ने का काम अब आसान हो गया है। अब पटवारी से लेकर सरपंच और तहसीलदार को 32 दिन में निस्तारण करना होगा, अन्यथा




फाइल ऑटोमेटिक स्वीकृत हो जाएगी। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए निबंधक, राजस्व मंडल द्वारा पटवारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, सरपंच और ग्राम पंचायत की एसएसओ आईडी का ई-धरती सॉफ्टवेयर पर मैपिंग करवाया गया है। सभी ऑनलाइन तहसीलों में इस सिस्टम को लागू कर दिया गया है।

## पटवारी जांचेगा दस्तावेज

**दस्तावेज** अपलोड करने के बाद पटवारी दस्तावेज की जांच करेगा। कोई कमी होने पर पटवारी कमेंट कर आवेदन को पुनः आवेदक को वापस भेजगा। सभी दस्तावेज पूर्ण होने पर पटवारी को फाइल अप्रूव कर सरपंच की आईडी पर फॉरवर्ड करना होगा। आवेदक की ओर से सभी औपचारिकता पूरी होने के बाद किसी भी स्तर पर काम को रोका नहीं जा सकेगा। उधर, सब रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से भी कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने के दौरान सभी दस्तावेज स्कैन कर संबंधित तहसील कार्यालय को हार्डकॉपी भेजी जाती है। राजस्व विभाग की ओर से रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत होने वाले दस्तावेज को ऑनलाइन तहसील कार्यालय में भेजने के आदेश हैं। अभी नए आदेश में ऑनलाइन म्यूटेशन दर्ज करने के लिए पटवारी से लेकर तहसीलदार तक की भूमिका के साथ समय सीमा भी निर्धारित की है।

## दस्तावेज करने पड़ेंगे अपलोड

आवेदक अपना खाता पोर्टल या ई-धरती पर दस्तावेज अपलोड करेगा, जो संबंधित पटवार मंडल के पटवारी की आईडी पर प्रदर्शित होंगे। रजिस्ट्रेशन के 5 दिन के अंदर पटवारी को सभी दस्तावेजों की जांच कर सरपंच की आईडी पर फॉरवर्ड करना होगा। आवेदन की फाइल पेंडिंग रहती है, तो पांच दिन बाद फाइल ऑटोमेटिक स्वीकृत होकर ग्राम पंचायत के सरपंच की आईडी पर फॉरवर्ड हो जाएगी। सरपंच के पास निस्तारण के लिए 20 दिन का समय होता है। 20 दिन फाइल निस्तारण नहीं होती है तो वह स्वतः ही स्वीकृत होकर तहसीलदार की आईडी पर फॉरवर्ड हो जाएगी।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech

ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# जिम्मेदारी निभाए संसद

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक पर पक्ष-विपक्ष का जो रुख देखने को मिल रहा है, वह निराश करने वाला है। हालांकि इस बात को लेकर हर पक्ष में सहमति है कि जिस तरह की चूक हुई है वह काफी गंभीर है लेकिन इसके बावजूद देश की संसद इस मसले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा नहीं कर पा रही। जब दर्शक दीर्घा से दो युवक सदन में कूदे और उन्होंने धुआं फैलाकर वहां अफरा तफरी मचा दी, उस समय सदन में पक्ष-विपक्ष का कोई भेद नहीं दिखा। न सिर्फ दोनों युवकों को पकड़कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले करने में विपक्षी सांसद आगे रहे, बल्कि घटना के बाद उसका ब्योरा देने और मीडिया के जरिए देश के सामने पूरी स्थिति रखने में भी दोनों पक्षों में सामंजस्य दिखा। इससे यह उम्मीद पैदा हुई कि हमारी संसद इस महत्वपूर्ण घटना से निपटने में पूरी एकजुटता दिखाएगी और सामान्य राजनीतिक मतभेदों को मुद्दा नहीं बनने दिया जाएगा। मगर शाम होते-होते यह स्थिति बदल गई। पार्टी लाइन के हिसाब से रिएक्शन आने लगे। मुद्दा संसद की सुरक्षा में हुई चूक का था, लेकिन कई विपक्षी सांसद इसे नए संसद भवन से जोड़कर देखने लगे और पुराने आरोप-प्रत्यारोप दोहराए जाने लगे। यह सिलसिला अगले दिन और तेज हुआ जब विपक्ष गृहमंत्री के बयान की मांग पर अड़ते हुए हंगामे पर उतर आया। सत्तापक्ष की ओर से भी इसका जवाब कड़ी कार्रवाई के रूप में दिया गया। हालांकि कहने को बातचीत के प्रस्ताव भी दिए गए और मनाने की कोशिशें भी हुईं, लेकिन ये बेनतीजा रहीं। नतीजा विपक्ष के 14 सांसदों के निलंबन के रूप में सामने आया। कुल मिलाकर हालत यह बनी है कि संसद में हंगामा और शोर तो बहुत है, लेकिन इस अहम मसले पर उसके सामूहिक विवेक की कोई ऐसी आवाज नहीं आ रही जो देशवासियों के अलग-अलग हिस्सों में उभरते असमंजस को दूर कर सकती थी। समझना होगा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ये बड़े नाजुक पल हैं। घटना ऐसे समय हुई है जब विदेशी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी तत्वों की ओर से संसद पर हमले की चेतावनी दे दी गई थी। भले संसद में घुसे इन युवकों का पहली नजर में उन तत्वों से कोई रिश्ता न दिख रहा हो, पर जांच एजेंसियों की ओर से अभी उन्हें क्लीन चिट नहीं मिली है। ऐसे में पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे पर दोषारोपण करना बेमानी है। दोनों ही पक्षों को संकीर्ण राजनीति के तकाजों से ऊपर उठते हुए संसद के अंदर स्वस्थ चर्चा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**दिल्ली में संसद में हुई सुरक्षा चूक पर पक्ष-विपक्ष का जो रुख देखने को मिल रहा है, वह निराश करने वाला है। संसद में इस मसले पर चर्चा नहीं हो रही है। देश के सामने पूरी स्थिति रखने में भी सामंजस्य दिखा। विपक्षी सांसदों को पकड़कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले करने में विपक्षी सांसद आगे रहे। संसद के अंदर स्वस्थ चर्चा सुनिश्चित करनी चाहिए।**

**जाति-आधारित राजनीति ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समूहों को प्रतिनिधित्व प्रदान कर सकती है, यह विभाजन को भी कायम रखती है और सामाजिक एकजुटता को बाधित करती है। आलोचकों का तर्क है कि यह पहचान की राजनीति को मजबूत करता है, महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों से ध्यान भटकाता है।**

# जाति आधारित राजनीति: समाज के विघटन का खतरा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



राम शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net



राजस्थान में इस बार के विधानसभा चुनाव में जाति आधारित राजनीति जितनी हावी रही, उतनी पहले कभी नहीं रही। चुनाव से पहले ही सत्तारूढ दल हो या विपक्ष, समाज को जातियों के परिप्रेक्ष्य में देखकर अपनी चुनावी गतिविधियां संचालित करने लगा। जातिगत संगठनों ने बड़ी सभाएं कर जातिगत एकजुटता की भावनाओं को बल प्रदान किया। जातिगत भावनाओं को भड़काने में सबसे ज्यादा योगदान सोशल मीडिया का रहा, जिसने मतदाताओं के मन मस्तिष्क पर असर डाला। यही कारण रहा कि कई सीटों पर मतदाताओं ने जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखकर मतदान किया। राजनेता तो हर बार जातिगत समीकरणों के आधार पर ही प्रत्याशी तय करते आए हैं, लेकिन मतदाताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। इस बार यह प्रवृत्ति ज्यादा दिखाई दी और इसका सीधा असर वोटिंग पैटर्न पर दिखाई दिया। कई सीटों पर जिस प्रकार के चुनाव परिणाम आए हैं, उससे इस पैटर्न का स्पष्ट रूप से पता चलता है। यह बात सत्य है कि भारत में जाति-आधारित राजनीति सदियों से देश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने वाली एक गहरी घटना रही है। संविधान में भी सामाजिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों का जिक्र है। लेकिन ये प्रयास अब सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति की बजाय राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए टूल की तरह काम में लिए जा रहे हैं, यदि यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो समाज के लिए खतरे का संकेत है। इससे समाज के विघटन की प्रवृत्ति को बल मिलेगा। इसलिए इस पर अभी से ही रोक लगाने के प्रयास शुरू कर देने चाहिए।

जाति की पहचान भारत में राजनीतिक व्यवहार, मतदाता गठबंधन और पार्टी संबद्धता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। राजनीतिक दल अक्सर विशिष्ट जातियों से अपील करके, चुनावी समर्थन के बदले में प्रतिनिधित्व और लाभ का वादा करके समर्थन जुटाते हैं। हाशिए पर रहने वाले समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से शिक्षा और रोजगार में जाति-आधारित आरक्षण और कोटा भी राजनीतिक चर्चा में केंद्रीय मुद्दे बन गए हैं। चुनावों के दौरान अक्सर जाति संबंधी विचार अन्य कारकों पर भारी पड़ते हैं। विशिष्ट क्षेत्रों में चुनावी सफलता को अधिकतम करने के लिए उम्मीदवारों को उनकी जाति संबद्धता के आधार पर रणनीतिक रूप से चुना जाता है। जातिगत भावनाओं को आकर्षित करके वोट बैंक की खेती की जाती है, जिससे कई राज्यों में जाति-आधारित राजनीति मजबूत होती है। नतीजतन, चुनावी लाभ हासिल करने के लिए राजनीतिक दल अक्सर जाति-आधारित या क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन बनाते हैं।

जाति-आधारित राजनीति ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समूहों को प्रतिनिधित्व प्रदान कर सकती है, यह विभाजन को भी कायम रखती है और सामाजिक एकजुटता को बाधित करती है। आलोचकों का तर्क है कि यह पहचान की राजनीति को मजबूत करता है, महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों से ध्यान भटकाता है। इसके अलावा, जाति के आधार पर वोट बैंक की राजनीति का चलन योग्यतातंत्र को कमजोर कर सकता है और अधिक समतावादी समाज की दिशा में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

जाति-आधारित राजनीति के हतोत्साहित करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षा, आर्थिक अवसरों और सामाजिक सुधारों के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विडम्बना तो यह है कि जो व्यक्ति जितना पढ़ लिख जाता है, वह उतना ही जातिगत भावनाओं में बह निकलता है। आगे चलकर वह राजनीति को भी जातिगत दृष्टिकोण से देखने लगता है। इस मनोवृत्ति को खत्म करने के लिए राजनीतिक दलों को पहचान-आधारित राजनीति से आगे बढकर ऐसी समावेशी नीतियों को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है जो जाति की परवाह किए बिना सभी नागरिकों को लाभान्वित करें। इसी प्रकार अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करना, जातियों में परस्पर संवाद को बढ़ावा देना और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना जाति-आधारित विभाजन को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। पिछले कुछ दिनों से देश में जातिगत जनगणना की बात भी जोर पकड़ रही है। ऐसी जनगणना जरूरी है। ताकि सरकारें पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए जरूरी नीतियां बना सके, लेकिन जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। इससे समाज में वैमन्यता ही फैलेगी और समाज विघटन की ओर अग्रसर होगा।

जाति-आधारित राजनीति भारतीय समाज का एक जटिल और गहरी जड़ें जमा चुकी पहलू बनी हुई है। हालांकि ऐतिहासिक अन्यायों को दूर करने और हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए प्रयास किए गए हैं, चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के ठोस प्रयासों, जातिगत पहचान से ऊपर उठकर विविधता में एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

निष्कर्षतः जाति-आधारित राजनीति की जटिलताओं को समझना और उनका समाधान करना एक अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की दिशा में भारत की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को उनकी जाति पृष्ठभूमि के बावजूद समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**जाति-आधारित राजनीति की जटिलताओं को समझना और उनका समाधान करना एक अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की दिशा में भारत की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को उनकी जाति पृष्ठभूमि के बावजूद समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो।**

# नींद क्यों रात भर नहीं आती

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामावतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

जीवन का एक अहम मुद्दा है क्योंकि हम अपने जीवन का लगभग एक तिहाई हिस्सा सोने में बिताते हैं और ऐसा होना हमारे शरीर के स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक भी है। सामान्यतया नींद को एक निष्क्रिय गतिविधि माना जाता रहा है जहां मस्तिष्क और शरीर निष्क्रिय हो जाते हैं। 1950 के बाद ही वैज्ञानिकों ने नींद के विज्ञान को समझना शुरू किया और महसूस किया कि नींद एक गतिशील प्रक्रिया है जहां मस्तिष्क और शरीर आराम तो करते हैं लेकिन मस्तिष्क के कई हिस्से सक्रिय रहते हैं। नींद के दो चरण होते हैं - नॉन-आरईएम (रैपिड आई मूवमेंट) और आरईएम। पहले में बंद पलकों के पीछे आंखें नहीं हिलती जबकि दूसरे में बंद पलकों के पीछे आंखें तेजी से घूमती हैं। नॉन-आरईएम (एनआरईएम) के चार चरण होते हैं - पहले चरण में आप जागने और सो जाने के बीच में होते हैं, फिर हल्की नींद का चरण होता है जब शरीर का तापमान कम हो जाता है, हृदय गति और सांस एक निश्चित लय में चलते हैं, उसके बाद तीसरा और चौथा चरण जहां आपकी नींद गहरी हो जाती है और मस्तिष्क की अधिकांश गैर-महत्वपूर्ण गतिविधियां बंद हो जाती हैं, लेकिन फिर भी मस्तिष्क के कुछ हिस्से चुपचाप काम कर रहे होते हैं। एनआरईएम का प्रत्येक चरण 5-15 मिनट के बीच रहता है। युवा लोगों को लगभग 2 घंटे की यह आरामदायक नींद मिलती है जो उम्र बढ़ने के साथ कम होती जाती है और बुजुर्ग लोगों को मुश्किल से 30 मिनट की एनआरईएम नींद मिलती है। आरईएम नींद के दौरान, सांस लेने की दर बढ़ जाती है और अनियमित हो जाती है, जागृत अवस्था के समान मस्तिष्क में तरंगें उत्पन्न होती हैं। शरीर लकवाग्रस्त जैसा हो जाता है जिसमें हम अपने हाथ या पैर नहीं उठा सकते हैं जैसा कि आपने डरावने सपनों के दौरान अनुभव किया होगा। आरएमई नींद आमतौर पर सोने के 90 मिनट बाद शुरू होती है। आरएमई नींद बच्चों में बहुत अधिक होती है और उन्हें सीखने में मदद करती है। आरएमई नींद मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नींद की दैनिक लय पीनियल ग्रंथि द्वारा नियंत्रित होती है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह "अंधेरे के हार्मोन" मेलाटोनिन का उत्पादन करती है, जो मस्तिष्क के सुपरकरिस्मेटिक न्यूक्लियस, जिसको मास्टर क्लॉक कह सकते हैं, की फीडबैक द्वारा नींद की स्थिति पैदा करती है। जैसे-जैसे अंधेरा फैलता है, मेलाटोनिन का उत्पादन बढ़ जाता है और शरीर नींद रूपी प्रतिक्रिया करता है। मेलाटोनिन न केवल नींद लाता है, बल्कि इसमें प्रज्वलन विरोधी, थक्का रोकने और एंटीऑक्सिडेंट जैसे सुरक्षात्मक गुण भी होते हैं जिनसे न केवल नींद आती है, बल्कि इससे कई अनोखे लाभ भी मिलते हैं। जीवन में बहुत सी चीजों की तरह नींद के भी कुछ मिथक हैं। पहला मिथक है कि कोई व्यक्ति कभी भी सो सकता है परंतु अचानक नींद आना रोग हो सकता है इसलिए चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता होती है। लोगों का मानना है कि वे रात की नींद की कमी की भरपाई दिन की झपकी से कर सकते हैं। दोपहर के भोजन के बाद 15-30 मिनट की झपकी तो ठीक है, लेकिन दिन की लंबी नींद प्राकृतिक लय को नष्ट कर देती है और शरीर को रात की नींद के लाभों से वंचित कर देती है।

# मोदी मतलब विकास की गारण्टी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



विवेक वैष्णव
पत्रकार
@jagrukjanta.net

मजबूत ईच्छा शक्ति के दम पर कुछ भी किया जा सकता है। हर किसी के पास एक गुण अवश्य होता है और वह है आत्मविश्वास का। अगर आपको विश्वास है तो आप बहुत कुछ कर सकते है और विश्वास नही है तो कुछ भी नही हो सकता है। बहुत पहले एक कहावत हुआ करती थी कि नेताजी के वादे कभी पूरे नही होते। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेता और वादे दोनो की ही परिभाषा को बदल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेता को जनसेवक बना डाला है तो वादे को गारण्टी को तब्दील कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी विकास पुरूष बन कर उभरे थे। उन्होने नदी जोड़ों परियोजना व स्वर्णिम चतुर्भुज योजना जैसी महत्वपूर्ण सौगात दी थी। आज भारत हर सेक्टर में प्रगति की एक विकास गाथा लिख रहा है।

आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी में विश्वास जता रहा है और यह सब कुछ एक दिन की मेहनत का परिणाम नही है बल्कि विगत नौ वर्षो की बेहतरी का कमाल है। विगत दस वर्षो में दिन रात मेहनत करके प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी क्षमता का जो प्रदर्शन किया है, ऐसा करना किसी ओर के लिए संभव नही है। भारत ने अपने दम पर 5-जी की लांचिंग की, चन्द्रयान 3 की चन्द्रमा पर लैण्डिंग करवाकर दुनिया में अमिट छाप छोड़ी। धारा 370 हटी, मानसरोवर यात्रा सुगम एवं सरल हुई, जी-20 का शानदार आयोजन हुआ। यही नही, अपने दम पर लडाकु विमान भी भारत अब बनाने लगा है। हाल ही में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में मंजूर हुआ है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नारा था ''अबकी बार मोदी सरकार''। इस चुनावी स्लोगन के बाद भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ लोकसभा में सरकार बनाने में कामयाब रही। फिर आया 2019 का चुनाव और इस चुनाव का नारा था ''मोदी है तो मुमकीन है''। अब पुनः देश 2024 के लोकसभा चुनाव की ओर अग्रसर हो रहा हैं और इस बार का चुनावी नारा रहने वाला है ''मोदी है तो गारण्टी है।'' मोदी की गारण्टी शब्द का प्रयोग स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 जुलाई को भारत मण्डपम् के उद्घाटन के अवसर पर किया था। इस मौके पर उन्होने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्था में भारत का नाम होगा और ये मोदी की गारण्टी है। और यह देशवासी अपने सपने अपनी आंखों के सामने पूरे होते देखेंगे। मोदी जो बोलते है, वो करते भी है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि अगर वो शान्ति की, विकास की बात करते है, आतंकवाद के खिलाफ बोलते है तो बिल्कुल वैसा हो भी रहा है। भारत की जनता बहुत समझदार है और इसलिए लोकतंत्र फलफूल रहा है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव की हार ने एक मिथ्या को जन्म दिया था कि मोदी का जादू सिर्फ लोकसभा चुनाव में ही चल सकता है। लेकिन हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के चुनावी परिणाम ने इस मिथ्या को झूठा साबित किया और पांच में से तीन राज्यों में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में कामयाब रही। पीएम मोदी ने एक बार कहा भी था कि जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है तब मोदी की गारण्टी की शुरूआत होती है। मोदी का मतलब विकास की एक विचारधारा। वह जब भी बोलते है और जहां भी बोलते है, विकास की ही बात बोलते है। राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजों ने दिखाया है कि भाजपा ने जो मॉडल बनाया है, उसमें विकास प्राथमिकता है और मोदी इसकी गारण्टी है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



किसी दिन एक साधु उधर से जा रहे थे। लोगों ने साधु को विषधर की बात कही। साधु मंत्र जानते थे, वे सर्प के पास गए। मंत्र पढ़कर सर्प को वश में कर लिया। उन्होंने सर्प से कहा हिंसा वृत्ति छोड़ दो और ईश्वर भक्ति में लग जाओ, तुम्हारा उद्धार हो जाएगा। सर्प अब न किसी को काटता न ढेला मारने पर किसी को डराता। केंचुए की तरह रहने लगा। पूर्ण सात्विक हो गया। चरवाहों ने उसे शांत देखकर पकड़ कर घुमाया और वहीं पटक दिया। वह बेहोश हो गया। कुछ समय बाद होश आने पर अपने बिल के भीतर गया। रात को भोजन के तलीश में बाहर आता और घास, फूल, फत्ते खाकर रह जाता। कुछ दिन बाद वे साधु उधर से निकले। उनके पुकारने की आवाज सुनकर सर्प बिल के बाहर निकला वह अत्यंत दुर्बल हो गया था। साधु ने उसकी हालत देखकर पूछा तुम्हारी यह अवस्था कैसे हुई। उससे सारी बात जानकर कहा-राम राम तू ऐसा मूर्ख है। अपनी रक्षा करना भी तू नहीं जानता। मैंने तुम्हें हिंसा छोड़ने तथा दूसरों को काटने के लिए मना किया था, पर फुफकारने से तो तुम्हें नहीं रोका था। संसार में रहते हुए दुष्ट लोग अनिष्ट न कर सकें। इसके लिए फुफकार मारना यानि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर डराना तो चाहिए। ईश्वर प्राप्ति के साधक को नकली भक्तों से बचना चाहिए। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# खाने में सरसों के तेल से बेहतर कुछ भी नहीं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. मनोज मुरारका
ऑयल रिसर्चर
@jagrukjanta.net

साल 1998 में दिल्ली और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में ड्रॉप्सी महामारी देखी गई थी। एक ऐसी बीमारी, जो ऊतकों में द्रव के निर्माण के कारण शरीर में सूजन का कारण बनती है। राष्ट्रीय राजधानी में कुछ लोग मारे गए और कई अस्पताल में भर्ती हुए। शोधकर्ताओं का मानना था कि सरसों के तेल के सेवन से यह बीमारी हुई थी। जांच करने पर सरसों तेल में आर्गेमोन मेक्सिकाना को मिला हुआ पाया गया। यह एक प्रकार का खरपतवार है, जो पीले फूलों के साथ ही बढ़ता है। हालांकि जब जांच आगे बढ़ी तो चौकाने वाले नतीजे सामने आए। सरसों के साथ आर्गेमोन मेक्सिकाना की मिलावट संदिग्ध थी, क्योंकि सरसों एक रबी फसल है, जिसकी खेती सर्दियों में होती है। वहीं आर्गेमोन मेक्सिकाना अप्रैल-मई में उगता है। इसका मतलब सरसों के बीज के साथ आर्गेमोन मेक्सिकाना के मिलाने की संभावना दुर्लभ थी। ऐसा संभव नहीं था, लेकिन नकारात्मक खबरें फैला दी गईं।

संदिग्ध मिलावट ने लोगों में दहशत पैदा कर दी। तत्कालीन सरकार ने उत्तर भारतीय राज्यों में कथित मौतों और अस्पताल में भर्ती होने के कारण इसे महामारी घोषित कर दिया था। इसके साथ तेल की खपत के खिलाफ एक अभियान शुरू किया गया। कई अध्ययनों में सरसों के तेल को असुरक्षित बताया गया, जो कि भ्रम फैलाने के लिए किया गया था। दावा था कि इसमें इरुसिक एसिड है, जो निर्धारित सीमा से अधिक सेवन करने पर हृदय रोग का कारण बन सकता है। असल में यह रोग मिलावटी तेल से होता है, जो सरसों के साथ किसी भी तरह का तेल हो सकता है। भारत सरसों के तेल का प्रमुख बाजार था, जिसे नष्ट करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने एक प्रकार से नकारात्मक अभियान चलाया, ताकि सरसों के तेल की जगह रिफाइंड और पाम को दिलाई जा सके। यह सब पैसा बनाने और अपना माल बेचने की कवायद थी।

दक्षिण भारतीय राज्यों ने ड्रॉप्सी के किसी भी मामले की रिपोर्ट नहीं की, जो बड़े पैमाने पर मूंगफली या नारियल के तेल का सेवन करते हैं। महामारी ने आखिरकार सरसों तेल की बिक्री को प्रभावित किया। पिछले दो दशकों में कई अन्य प्रकार के तेल, विशेष रूप से रिफाइंड ऑयल ने सरसों तेल के इस गैप को भरते हुए जबरदस्त फायदा उठाया है। असल में यह सरसों के तेल के खिलाफ एक षड्यंत्र था, जो बाद में दुनिया के सामने भी आया। सरसों के तेल को बदनाम किया गया और सरकार ने रातों-रात उस पर प्रतिबंध लगा दिया। कुल मिलाकर यह अंतरराष्ट्रीय बाजारों के पाम जैसे तेलों की खपत करने के लिए खेला गया एक खेल था। असल में परंपरागत रूप से भारत आजादी से पहले खाद्य तेल का निर्यातक था, आजादी के बाद कुछ समय के लिए लड़खड़ाने के बाद आत्मनिर्भर बन गया और 90 के दशक की शुरुआत में हमने पूरी तरह आत्मनिर्भरता हासिल कर ली, लेकिन आज हम वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े आयातक हैं। भारत सालाना लगभग 150 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा खाद्य तेल का आयात करता है, जो हमारी वार्षिक खाद्य तेल आवश्यकता का लगभग 65 से ज्यादा प्रतिशत है। चाहे आप समोसा खाएं, डोसा खाएं या छोला-भटूरा, ब्रांडेड बिस्कुट या नमकीन, आलू पूरी या फिर घर पर बनी सब्जी। लगभग सभी में आयातित तेल का इस्तेमाल हो रहा है। वहीं आयातित पाम तेल या इसके डेरिवेटिव का उपयोग साबुन, शैम्पू, शेविंग क्रीम और अन्य सौंदर्य प्रसाधन में सामग्री के रूप में भी किया जाता है। ये भी विडंबना है कि इस बात को तेजी से फैलाया गया है कि सरसों तेल को अन्य खाद्य तेलों के साथ मिलाने से पोषण संबंधी मामले, स्वाद और गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रसंस्करण उद्योग ने सम्मिश्रण का लाभ उठाया। पाम तेल को कभी-कभी सरसों के तेल में 80 फीसदी तक मिलाया गया। सरसों तेल में इस तरह के मिलावट की वजह से नतीजतन सरसों की खेती करने वाले किसानों का मुनाफा खत्म हो गया। इसकी वजह से देश में सरसों का उत्पादन प्रभावित हुआ। पिछले दो दशकों में तेल आयात पर भारत की बढ़ती निर्भरता के पीछे का एक कारण इसे भी माना जा सकता है। 1990-91 में भारत सरसों के तेल के उत्पादन में आत्मनिर्भर था और आवश्यक 98 प्रतिशत तेल का उत्पादन करता था। इसके पीछे एक कारण 1986 में तत्कालीन सरकार की ओर से शुरू की गई तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन नीति भी थी। इसका उद्देश्य सरसों के लिए उत्पादन और कृषि भूमि में सुधार करना था।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



प्रतिज्ञा डॉटर सपना-ज्योति यादव, जयपुर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 20/12/2023**

**सूर्योदय :** 07:14 **सूर्यास्त :** 17:33 **चन्द्रोदय:** 12:52 **चन्द्रास्त :** 00:22 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत:** मार्गशीर्ष **सूर्य राशि :** धनु **चन्द्र राशि :** मीन **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** अष्टमी, 11:15 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास मार्गशीर्ष :** पूर्णिमान्त **मार्गशीर्ष :** अमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तरभाद्रपदा, 22:50 तक
**योग :** व्यतिपाता, 15:52 तक
**प्रथम करण :** बावा, 11:15 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 22:26 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:19 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:47 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:02 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:25 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:28 पी एम से |
| अमृत काल | 06:23 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:51 पी एम से |
| रवि योग | 10:58 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
चन्द्रवास : उत्तर

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:14 - 08:31 | उद्वेग : 17:32 - 19:15 |
| अमृत | : 08:31 - 09:48 | शुभ : 19:15 - 20:58 |
| काल काल वेला | : 09:48 - 11:06 | अमृत : 20:58 - 22:40 |
| शुभ | : 11:06 - 12:23 | चर : 22:40 - 00:23 |
| रोग वार वेला | : 12:23 - 13:40 | रोग : 00:23 - 02:06 |
| उद्वेग | : 13:40 - 14:58 | काल : 02:06 - 03:49 |
| चर | : 14:58 - 16:15 | लाभ : 03:49 - 05:31 |
| लाभ | : 16:15 - 17:32 | उद्वेग : 05:31 - 07:14 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज अष्टमी

**आज कौन सा कार्य करें**

संग्राम, वास्तु, शिल्प, लेखन, स्त्री, रत्न धारण, आभूषण खरीदना ये सब अष्टमी को शुभ हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

मार्गशीर्ष, शुक्ल, अष्टमी, 2080 बुधवार, 20 दिसम्बर - 26 दिसम्बर, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**नया आदेश : कीटनाशक दवा की दुकान खोलने के लिए कृषि का डिप्लोमा के साथ कृषि विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य**

# कोर्स किए बिना नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक दवा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खेती के लिए कीटनाशक दवा की दुकान खोलने के लिए अब कृषि का डिप्लोमा करने के साथ कृषि विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके बिना कीटनाशक दवा नहीं बेच पाएंगे। किसानों की खरीफ व रबी फसलों को रोग से बचाने को इस्तेमाल होने वाली दवा को लेकर अलर्ट जारी किया है। अब ऐसे दवा विक्रेताओं को भी फसलों में कीट एवं व्याधियों का प्रकोप बचाने के लिए विभागीय कोर्स करना अनिवार्य होगा। क्षेत्र में खरीफ व रबी में बुवाई की जाने वाली विभिन्न फसलों में मौसम के अनुकूल नहीं रहने से कीट व व्याधियों का प्रकोप बना रहता है। पौधों की जड़ों में दीमक तो पत्तियों में लट या सरसों की फलियों में चेंपा, लीफ माइनर सहित फसलों में कई प्रकार के कीट लग जाते हैं। जिससे फसलों के बचाव के लिए कीटनाशक दवाएं छिड़की जाती हैं। इन दवाओं को बेचने के लिए संबंधित डिप्लोमा व लाइसेंस की जरूरत होगी।



### ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ विभाग करेगा कार्रवाई

**कई** लोग बिना लाइसेंस व डिप्लोमा के कीटनाशक बेचने की दुकान खोल लेते हैं। लेकिन अब ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ विभाग कार्रवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि बिना जानकारी के कीटनाशक दवा बेचने पर कई बार किसानों को गलत दवा दे दी जाती है। जिससे उसका गलत प्रभाव पड़ने से खेती में नुकसान हो जाता है वहीं पशुओं व किसानों के संपर्क में आने से उनकी जान को भी खतरा रहता है। इन दवाओं का असर लंबे समय तक बना रहता है।

### किसान लक्षणों के आधार पर खरीदते हैं दवा ...

**अधिकतर** किसान सीधे ही खुदरा विक्रेताओं से सम्पर्क कर फसल पर कीट एवं व्याधियों के लक्षणों के आधार पर दवा खरीदते हैं। परन्तु खुदरा विक्रेताओं की ओर से कभी-कभी सही जानकारी के अभाव में वांछित दवा कृषकों को उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। ऐसे में सही दवाओं की बिक्री के लिए प्रशिक्षण प्राप्त व अनुभवी लोग ही कीटनाशक दवाओं की दुकान खोल सकेंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कीटनाशक दवा बेचने के लिए दुकानदार को इससे संबंधित कोर्स करना अनिवार्य होगा। सभी दुकानदारों को कृषि विभाग की ओर से डिप्लोमा करना जरूरी है। अन्यथा दुकानदार का लाइसेंस निलंबित हो जाएगा।

### कोर्स के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य

**ग्राम** सेवा सहकारी समितियां में एवं निजी दुकानों पर भी खाद विक्रेताओं की ओर से दवा का विक्रय किया जाता है। अब सभी को इसके लिए डिप्लोमा कोर्स करना होगा। राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबन्ध संस्थान हैदराबाद की ओर से सभी खुदरा विक्रेताओं व वितरकों जिनकी ओर से भारत सरकार के गजट राजपत्र के अनुसार शैक्षणिक अहर्ता नहीं है। उन सभी खुदरा विक्रेताओं, वितरकों को व्यवसाय जारी रखने के लिए पादप प्रबन्धन पर 12 सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स 31 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है अन्यथा उनका अनुज्ञापत्र वैद्य नहीं माना जाएगा। जनवरी- 2024 के बाद केवल निर्धारित योग्यताधारी कीटनाशी रसायन विक्रेता ही कीटनाशी रसायनों का व्यापार कर सकेंगे।

---

**वर्धमान श्रीकल्याण इंटरनेशनल स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव**

# नन्हें-मुन्नों के नृत्य ने मोहा मन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कालवाड़ रोड स्थित वर्धमान श्रीकल्याण इंटरनेशनल स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव एक महत्वपूर्ण त्योहार की जैसे बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 'आर्च कॉलेज ऑफ़ डिजाईन एंड बिज़नेस' की फाउंडर एंड डायरेक्टर अर्चना सुराणा और श्रीलेखा शर्मा जॉइंट कमिश्नर् 'एसजीएसटी आईटी मौजूद रही। इस मौके पर वर्धमान ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निर्देशक नम्रता सेठिया, चेयरमैन डॉ. कमल सेठिया सहित विद्यालय की प्रिंसिपल आराधना पारीक वहाँ उपस्थित रहें। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शीर्षक रखा गया ' ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की मंशा।' इसी शीर्षक के तहत विद्यार्थियों ने राजस्थानी, गुजराती ,पंजाबी ,असम संस्कृति के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए केजी क्लास के नन्हे - मुन्ने डांसरों ने ' हकूना मटाटा' पर मनमोहक प्रस्तुति दी, इसके बाद राजस्थानी फॉक डांस, हैप्पी फैमिली, भांगड़ा बिट्स के साथ देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को मंच पर प्रस्तुत किया और फिर 'मिशन चंद्रयान ' की पूरी सफलता को अपनी डांस फॉर्म के माध्यम से बड़े ही शानदार तरीके से दर्शाया इसके बाद बच्चों ने एक से एक अनोखे कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। एक पैट्रियोटिक डांस में कैटन विक्रम बत्रा के अभूतपूर्व वीरता और बलिदान की कहानी को बताया गया जो सभी के दिलों को छूकर उनकी आँखें नम करने में सफल हुई। पिता और बच्चों के रिश्ते को बताया और पिता के प्रति बच्चों के स्नेह को यहाँ बड़े ही मोहक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में विद्यालय की मैगज़ीन का इनॉप्रिशन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी गतिविधियों के महत्व को उजागर किया।

## सफाई अभियान से चमकने लगे गली-मोहल्ले



**कपासन @ जागरूक जनता।** नगर पालिका कपासन द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि नगरपालिका कपासन में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, रोड स्वीपिंग, रोड साइड में घास झाड़ियां की कटिंग व गंदगी और रोड की साफ-सफाई का कार्य तथा समय पर कचरा उठवाने जाने इत्यादि सफाई का कार्यपालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी, जमादार मुकेश को दली, गीतादेवी की मॉनिटरिंग में किया जा रहा है। शहर के मुख्य चौराहों व मुख्य रास्तों सहित वार्डों में भी नालिया सहित जगह-जगह पर पड़ी गंदगी को हटाया जा रहा है कचरा परिवहन वाहन चालकों को भी पाबंद किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन की एमआईए सरिया गर्ग ने बताया कि शहर में 25 दिसंबर तक चलने वाले स्वच्छ शौचालय अभियान के अन्तर्गत निरंतर सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई के साथ स्वयं सहायता समूहों द्वारा शौचालयों का मूल्यांकन किया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत् जिन शौचालयों में मरम्मत की आवश्यकता है उनकी मरम्मत भी करवाई जाएगी।

## नारायण सेवा संस्थान का उखलियात में मेडिकल एवं सहायता शिविर सम्पन्न



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** दीन दुःखी, मानवता एवं आदिवासियों की सेवा में समर्पित नारायण सेवा संस्थान का आदिवासी क्षेत्र उखलियात में फ्री चिकित्सा-जांच, दवाई वितरण एवं सहायता शिविर सम्पन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि संस्थान की मुहीम 'सुकून भरी सर्दी' के तहत निदेशक वन्दना अग्रवाल के नेतृत्व में विशाल शिविर उखलियात में लगाया गया। जिसमें 202 बच्चों, महिलाओं व लोगों का मेडिकल चैकअप हुआ और डॉक्टर्स की परामर्श पर उन्हें निःशुल्क दवाईयाँ दी गई। शिविर में करीब 1600 आदिवासी जन आए। इस दौरान 500 स्वेटर, 500 कम्बल, 500 बच्चों को ड्रेस,जूते,मौजे,लुगड़ी,धोती और बिस्किट के साथ सभी को निःशुल्क भोजन पैकेट बांटे गए और बच्चों को नहला धुलाकर साफ स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। आगे की जानकारी संयोजक रविश कावड़िया ने देते हुए कहां तंजानिया से आए भरत भाई परमार और वैशाली परमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर कैंप में शिरकत की। वे संस्थान से कई वर्ष से जुड़े है। दार-ए -सलाम में दो आर्टिफिशियल लिम्ब शिविर आयोजित कर चुके है। परमार के माध्यम से तंजानिया के 500 से अधिक दुर्घटनाग्रस्त दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर मिले है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए मदद देने का भी भरोसा दिलाया है। संचालन महिम जैन ने किया।



## अफीम नीति से मिलेगा किसानों को लाभ-जोशी

**वित्तमंत्री सीतारमण से जोशी की भेंट**

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने संसद भवन में भारत सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त मंत्रालय के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा से भेंट की एवं संसदीय क्षेत्र के अफीम किसानों के संबध में विभिन्न विषयों में विस्तारपूर्वक चर्चा की।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सांसद सी.पी.जोशी ने वित्तमंत्री को आभार व्यक्त करते हुये बताया की केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष किसानों के हीतों को ध्यान में रखते हुये हमेशा सकारात्मक रूप से पॉलिसी निर्माण का कार्य किया हैं। जहॉ पर वर्ष 2014 में अफीम लाईसेंस की संख्या मात्र 18 हजार थी एवं तत्कालिन सरकार के द्वारा अफीम की खेती को बन्द करने का निर्णय तक कर लिया था।



## पापड़ के हनुमान मंदिर में 104 दिन से चल रहा धरना उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कराया समाप्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित पापड़ के हनुमान मंदिर के निकट वन विभाग द्वारा नाहरगढ़ सेन्चुरी के प्रवेश हेतु बनाये जा रहे मार्ग के विरोध में संतों द्वारा बीते 104 दिन से धरना दिया जा रहा था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के आदेश को निरस्त करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने यहां से सेन्चुरी का कोई भी रास्ता नहीं निकाले जाने के उच्चाधिकारियों को आदेश दिया है। धरना स्थल पर पहुंचकर दीया कुमारी ने संतों को मिठाई खिलाकर धरना समाप्त करवाया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का मंदिर महंत श्री राम सेवक दास जी महाराज ने शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

## कोटा विवि में तीन द्विवसीय होगी वार्षिक कॉन्फ्रेंस, देश-विदेश के रसायनज्ञ जुटेंगे

**कोटा @ जागरूक जनता।** कोटा विवि व इंडियन कॉउंसिल ऑफ कैमिस्ट्स आगरा के संयुक्त तत्वावधान में 20 से 22 दिसम्बर को कॉउंसिल की 42वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। कोटा में पहली बार यह कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। कोटा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा सिंह ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के प्रख्यात रसायनज्ञ जुटेंगे। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड आगरा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विवि के पूर्व कुलपति को प्रो. जीसी सक्सेना को दिया जाएगा। इसके आईसीसी की ओर से रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 35 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

---

# 'अभ्युदय' में रविन्द्र मंच पर उदित हुई एन. के. पब्लिक स्कूलकी प्रतिभाएं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सांगानेर में अवस्थित एन. के. पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव रविन्द्र मंच के खुले सभागार में सम्पन्न हुआ। भारतीय संस्कृति को समर्पित इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के लेफ्टिनेट कर्नल शक्ति सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एन. के. शिक्षण संकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वन्दना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा ''जुबी जुबी, ना पूछों, आशाएं और उडी-उडी जाय जैसे गानों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सम्पूर्ण दर्षकों का दिल जीत लिया। प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नही होती'' यह कहावत छोटे-छोटे बच्चों को नृत्य करते हुए देखकर स्वतः सिद्ध हो रही थी। मुख्य अतिथि राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में विद्यालयों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। एन. के. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को देखकर यह लगता है कि यहाँ के सभी गुरूजन सही दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक खेमराज चौधरी, प्रधानाचार्या मनीषा चौधरी एवं मुरलीपुरा शाखा के निदेषक कुलदीप सिंह भी उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक खेमराज चौधरी ने बताया कि एन. के. पब्लिक स्कूल केवल अकादमिक परीक्षा परिणामों में ही नहीं अपितु खेलों में एवं अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में भी राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान में रहता आया है। यहाँ के विद्यार्थी खेलों में राष्ट्रीय स्तर तक अपना श्रेष्ठ प्रदर्षन कर चुके हैं। मूल्यवान शिक्षा व संस्कार यहाँ की पहचान रहे हैं। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की विशिष्ट प्रतिभावों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा चौधरी के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ।

**युवा मन में बहादुरी के मूल्यों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं संस्था**

# देश के शूरवीरों के बारे में अलख जगाएगी शहीद सुशील कुमार शर्मा संस्था-पाण्डेय

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भुसावर।** शहीद सुशील कुमार शर्मा संस्था हमेशा से ही बेहतरीन कार्य करती आ रही है। इसमें एक और योगदान जुड़ गया है। जैसे फाउंडेशन की सभी प्रदेश इकाईयां राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत बहादुर नागरिकों की पहचान और पुरस्कार पर काम करते हैं, वे अब युवा मन में बहादुरी और प्रतिबद्धता के मूल्यों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2024 में यह मुख्य फोकस में से एक होगा। इस पर कार्य करने के लिए फाउंडेशन की मुम्बई (महाराष्ट्र) इकाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रागनी सुशील शर्मा के निर्देशन में बादलापुर, ठाणे में भक्तिवेदांत गुरुकल के साथ सहयोग किया है। यह गतिविधि शुरू कर दी गई है। पहला कार्यक्रम 26 नवंबर को महान शहीद सुशील कुमार शर्मा की पुण्य तिथि पर आयोजित किया गया था। इस दिन छात्रों को कहानियों के माध्यम से इस देश की भूमि के बहादुरों के बारे में शिक्षित किया गया। गुरु कुल को 1 महीने का राशन भी प्रदान कर इसे एक (1)वर्ष तक जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध रखी है।

फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेंद्र पाण्डेय् ने बताया कि फाउंडेशन के संस्थापक निर्देशक डॉ महेंद्र कुमार शर्मा, सचिव आलोक द्विवेदी, संयुक्त सचिव संजय अरोडा, कोषाध्यक्ष डा. आर एन उपाध्याय, सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय पर जनवरी 2024 से भुसावर के श्री अर्श कन्या गुरुकुल के साथ सनातनी, वैदिक पद्धति पर आधारित गुरुकुलों सहित अन्य संस्थानों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के तहत देश के शूरवीरों के बारे में अवगत कराया जाएगा। जिससे आने वाली संतति को भारतीय वीरता के साथ स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान के बारे में जानकारी से आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल @ भरतपुर दौरा





जागरूक जनता @ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के भरतपुर दौरे के दौरान विभिन्न स्थलों पर आमजन और जन-प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

# भारत सरकार के द्वार खुले हैं, हर जरूरतमंद के सपने साकार कराइए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी के सांगानेर स्टेडियम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के शहरी अभियान की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में कुछ लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें चेक भी दिए। इसके बाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वार खुले हैं। हर जरूरतमंद के सपने को साकार कराइए। अब कोई भी योजनाओं का लाभ लेने से अछूता नहीं रहेगा। योजनाओं का पूरा लाभ आमजन को मिलेगा और नहीं मिलने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को भ्रष्टाचार से निजात दिलाने का काम किया है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सौ प्रतिशत पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, यही मेरी और मेरी सरकार की कोशिश रहेगी। कार्यक्रम में विधायक कैलाश वर्मा, भाजपा के शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, उप महापौर पुनीत कर्णावट मंच पर मौजूद रहे।




### खास-खास

- » 276 नगरीय निकायों में पहुंचेगी यह यात्रा
- » 25000 लोगों पर एक शिविर किया जाएगा आयोजित
- » 737 शिविर शहरी क्षेत्र में होंगे आयोजित

### पार्षदों ने भी किया सीएम का स्वागत

**कार्यक्रम** के दौरान जब मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे तो महापौर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद ग्रेटर निगम के करीब 30 पार्षदों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### सांगा बाबा की जय-जयकार

- » मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन...भारत माता की जय, सांगा बाबा की जय, आदिनाथ भगवान की जय, त्रिपोलिया हनुमान जी की जय, भौमिया बाबा की जय... के साथ किया।
- » कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बार-बार जय श्री राम और सांगा बाबा की जय जयकार की।

# मैंने राजस्थान में अपना फर्ज़ पूरा किया, देश में जो हो रहा है उस पर लोगों को चिंतित होना चाहिए-गहलोत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, मुझे हारने का जितना दुख नहीं है उतना मुझे इस देश की चिंता है कि देश में क्या हो रहा है। हार-जीत तो होती है, मैंने राजस्थान में अपना फर्ज़ पूरा किया। देश में जो हो रहा है उसपर लोगों को चिंतित होना चाहिए। अशोक गहलोत कहते हैं, जब से एनडीए सरकार बनी है तब से उनका व्यवहार बदल रहा है, उनका अहंकार बढ़ता जा रहा है। जिस तरह से वे विपक्ष के साथ व्यवहार कर रहे हैं वह अस्वीकार्य है। अशोक गहलोत ने आगे कहा, विपक्ष के 92 सांसदों को निलंबित करना लोकतंत्र पर प्रहार है। नेता प्रतिपक्ष रहते हुए स्व. अरुण जेटली एवं स्व. सुषमा स्वराज ने कहा था कि सदन का काम चर्चा करना है। कई बार सरकार जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करती है तो, सदन की कार्यवाही को विपक्ष लोकतंत्र के हित में बाधित करता है। सदन की कार्यवाही बाधित करना भी लोकतंत्र का ही एक रूप है।

### NDA सरकार की अलोकतांत्रिक सोच का परिचायक

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, UPA सरकार के समय विपक्ष में रहते हुए BJP ने कई बार 12 दिन से अधिक समय तक सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। उस समय इस प्रकार सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई नहीं की गई। यह हृष्ठ सरकार की अलोकतांत्रिक सोच का परिचायक है।

# खोई मुस्कान मां से मिलकर मुस्कराई



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही के समक्ष जिला मुख्यालय भारत स्काउट गाइड के सामने एक छह सात वर्षीय बालिका रोती हुई मिली। समाजसेवी शिक्षक गोपाल सिंह राव ने बालिका की सूचना पुलिस महिला गश्तई दल की कांनिस्टेबल मंगली को दी। मंगली ने अवकाश पर होते होने के बावजूद पुरा सहयोग करते हुए सूचना गश्ती दल व उच्च पुलिस के अधिकारियों दी। सूचना पर गश्ती दल की इन्द्रा, संजना, नौरंगी, रुक्मण, सुमित्रा मौके पर पहुंची। शिक्षक राव ने पुलिस दल की उपस्थिति में आत्मीयता से बालिका को अल्पाहार करवा कर पुछताछ की। बालिका ने अपना नाम मुस्कान बताया कर अपने को भीनमाल व माकरोडा का बताया। बालिका सिरोही अपने माता-पिता के साथ आई थी। लेकिन रास्ता भटककर बालिका स्कूल के रास्ते भारत स्काउट गाइड मुख्यालय सिरोही पहुंच गई। पुलिस दल के सहयोग से विद्यालय प्रशासन के गोपाल सिंह राव ने बालिका को पूछा तो उसने अपने परिवार का पेशा कचरा बीनना बताया। शहर के झूग्गी झोंपड़ी स्थलों दक्षिणी मेघवाल वास, खेतलाजी मंदिर व अन्य जगहों पर पुछताछ की। बड़ी मशक्कत के बाद जानकारी मिलने पर पता चला की। उसके माता-पिता सिरोही अपने मिलने वाले के यहां आये थे। बच्ची रास्ता भटककर खो गई। बालिका के अभिभावकों को बड़ी मुश्किल से ढूंढकर मिलवाया। समय रहते त्वरित कार्रवाई होने से अनहोनी टल गई।बालिका अपने मां को मिलकर हर्षित हुई ।इस कार्य में शिक्षक गोपाल सिंह राव, प्रधानाचार्य हीरा खत्री, उप प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा,वरिष्ठ अध्यापिका श्रद्धा सिंदल, शिक्षक रमेश कुमार मेघवाल, वरिष्ठ अध्यापिका कल्पना चौहान, चंद्रकांता चौहान, वर्षा त्रिवेदी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह देवड़ा ने सहयोग किया।



राज्यपाल से विदेश सेवा के अधिकारियों ने की मुलाकात

# राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते भारतीय संस्कृति और गौरव के लिए कार्य करने का किया आह्वान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 और 1999 के तीन अधिकारियों ने मंगलवार को राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल से इन अधिकारियों की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने विदेश सेवा के अधिकारियों से संवाद करते हुए राष्ट के प्रति समर्पण भाव रखते हुए भारतीय संस्कृति और गौरव के प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया। हरिशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक महेंद्र सोनी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# 28 लाख की लागत से बनेगा सिंथेटिक टेनिस कोर्ट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विद्यार्थी अब टेनिस का भी अभ्यास कर सकेंगे। बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसको लेकर अब कॉलेज परिसर में ही विद्यार्थियों को जल्द ही टेनिस कोर्ट की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। खास बात यह है की इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है की आने वाले कुछ महीनों में ही इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जानकारों के अनुसार जिले की पहली सरकारी कॉलेज होगी जिसमें खेलों को बढ़ावा देने के उदेश्य से सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद कॉलेज प्रशासन की ओर से बास्केटबॉल का भी सिंथेटिक कोर्ट बनाने की योजना है। इसके अलावा कॉलेज परिसर में हाईटेक लाइब्रेरी का भी निर्माण कार्य चल रहा है।



### 28.41 लाख रुपए आएगी लागत

कॉलेज में केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत 28.41 लाख की लागत से इसको तैयार करवाना का कार्य पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। इसके बनने से कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा अन्य खिलाड़ी भी यहां आकर अभ्यास कर सकेंगे। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। कॉलेज के खेलकूद अधिकारी डॉ. एसएल प्रजापत ने बताया कि परिसर में टेनिस कोर्ट बनाने का कार्य चल रहा है। इसको लेकर अभी तक चारों तरफ ब्लॉक लगाने का काम पूरा हो गया और अभी लोहे की जाली लगाने का काम चल रहा है। इसके बाद सिंथेटिक का काम होगा।

### इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की भी मांग

कॉलेज से जुड़े लोगों का कहना है कि परिसर में काफी जगह खाली पड़ी है। इसका अच्छे से उपयोग किया जा सकता है। शहर के बीच में उपस्थित होने की वजह से यहां बड़ी संख्या में खिलाड़ी खेलने के लिए आ सकते हैं। इसके लिए यहां पर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी करवाया जा सकता है। जिसमें एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन सहित अन्य खेलों को शामिल किया जा सकता है। इससे कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ निरंतर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को भी फायदा हो सकेगा।

**कॉलेज** परिसर में अभी सिंथेटिक टेनिस कोर्ट बनाने का कार्य चल रहा है। उम्मीद है जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके तैयार होने से कॉलेज के विद्यार्थियों को काफी फायदा हो सकेगा।

**-के.के. सुथार,** प्राचार्य, राज. पॉलिटेक्निक कॉलेज, बीकानेर

मंदिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ पर समारोह आयोजित

# रामजानकी विवाह महोत्सव संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मंदिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ पर मंदिर महंत नंदकिशोर जी महाराज के सानिध्य में 6 दिवसीय श्री रामजानकी विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान नगर दिखावा, पुष्प वाटिका, तिलक, मटकोर और मेहंदी उत्सव मंदिर प्रांगण में मनाया गया। विवाह पंचमी को श्री सीताराम जी महाराज का विवाह उत्सव बड़ी धूम से मनाया गया।

विवाह महोत्सव के तहत आज प्रभु श्री राम की बारात मंदिर प्रांगण में ही निकाली गईं। पूरे मंदिर प्रांगण को बंदरवाल व फूलों से सजाया गया। (मंदिर प्रांगण में ही जनकपुर धाम और अयोध्या धाम बनाया गया)। मंहत नंदकिशोर महाराज के द्वारा प्रभु श्री राम का दूल्हा स्वरुप विशेष श्रृंगार और विशेष आरती की गई। आरती के पश्चात अयोध्या से शाही रथ पर सवार होके प्रभु श्री राम दूल्हा सरकार के रूप में निकलते हैं तो पुष्प वर्षा और भव्य आतिशबाजी के साथ भगवान की बारात का स्वागत होता है ,रथ के आगे भक्तगण नाचते गाते हुए आगे आगे चलते हैं। श्री राम विवाह महोत्सव की परंपरा लगभग ढाई सौ वर्षो से चलती हुई आ रही है।

श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव के अंतर्गत कंवर कलेवा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के दौरान मंदिर में अनेक संत महंत उपस्थित हुए, जिनका माला और दुपट्टा पहन करके उनको सम्मानित किया गया। मंदिर में आए हुए भक्तों को पहरावानी दी गई और उसके पश्चात सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की उसके बाद विदाई महोत्सव के तहत शुभाशीष देते हुए चिरंजीव रहो जुगल जोड़ी पद का गायन हुआ और इसके बाद ठाकुर जी ने जनकपुर धाम से विदाई लेते हुए अयोध्या धाम की और प्रस्थान किया। मंहत नन्द किशोर जी ने बताया की समस्त प्रसंग मन्दिर प्रांगण मै ही संपन्न हुए।

# घायल मोर का उपचार कर वन विभाग को सौंपा

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** निकटवर्ती गांव निमोद में मंगलवार को सुबह कंटीली झाड़ियों में फंसकर राष्ट्रीय पक्षी मोर बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की सुचना मिलते ही राजकीय पशु चिकित्सा उपकेंद्र निमोद के प्रभारी एवं पशुधन निरीक्षक मनोज कुमार वैष्णव तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मोर का प्राथमिक उपचार किया। तत्पश्चात वन विभाग को सुचना दी गई, जिस पर वन विभाग के कर्मचारी बजरंग जाट के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, जिन्हें ग्रामवासियों ने मोर को सुपुर्द किया। इस दौरान गांव के मुकेश गुर्जर, प्रमोद गुर्जर, हरिराम गुर्जर, सोनू गुर्जर, गोपीलाल गुर्जर, पप्पू सिंह एवं रोशन गुर्जर ने सहयोग किया।

श्री श्याम बस सेवा समितिः गोविंददेवजी को आमंत्रण देकर पोस्टर का विमोचन

# खाटू धाम का वार्षिकोत्सव 23 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्री श्याम बस सेवा समिति खाटू धाम का द्वादशम् वार्षिकोत्सव शनिवार, 23 दिसंबर को शाम 7 बजे से चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन मंदिर श्री रामचंद्रजी में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को गोविंददेव जी मंदिर में मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने पोस्टर का विमोचन किया। समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि ठाकुरजी राधा गोविंद और प्रथम पूज्य गणेशजी को कार्यक्रम का आमंत्रण देकर रिद्धी-सिद्धी सहित पधारने की विनती की गई। श्याम प्रभु पंच मेवा महल में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। प्रसिद्ध कारीगर दरबार की तैयारी में जुटे हुए हैं। आयोजन के बाद पंचमेवा का प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद जरुरतमंदों को भोजन और वस्त्र वितरण भी किया जाएगा।

**होंगे रामलला के दर्शनः** इस अवसर पर श्रद्धालु श्याम प्रभु के दर्शन करने के साथ-साथ अयोध्या में विराजमान रामलाल के दर्शन भी कर सकेंगे। रामचंद्रजी मंदिर के मुख्य विग्रह के पास ही रामलला भक्तों को दर्शन देंगे। श्रद्धालुओं को अयोध्या से आए पीले चावल भेंट कर अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण भी दिया जाएगा।

# नगर परिषद उपचुनाव हेतु रिटर्निंग अधिकारी किए नियुक्त

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में 31 अगस्त तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए कुल 8 सदस्य के पदों पर उपचुनाव करने का निर्णय लिया गया है । इसमें नगर परिषद केकड़ी के वार्ड नंबर 9 के रिक्त हुए सदस्य पद पर उपचुनाव 10 जनवरी को होंगे। जिला कलक्टर विश्व मोहन शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना में एवं राजस्थान नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के तहत नगर परिषद केकड़ी के वार्ड संख्या 9 के उप चुनाव के लिए उपखंड अधिकारी केकड़ी विकास पंचोली को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार केकड़ी बंटी देवी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# एनएसएस के तहत विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** अजमेर रोड स्थित आलोक विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को कृष्णा नगर विद्यालय को गोद लिया। कार्यक्रम अधिकारी पूरण मल वर्मा के निर्देशन में महात्मा गांधी राजकीय कृष्णा नगर विद्यालय केकड़ी के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की और बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए श्रमदान एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई । इस मौके पर विमल कुमार मौर्य, नरेश कुमार धाकड़, नंदकिशोर सैनी, महावीर प्रसाद सेन, दिनेश कुमार ने सहयोग प्रदान किया ।

ANCHOR | सैद्धांतिक मंजूरी

# राणकपुर-कुंभलगढ़ में जल्द दहाड़ेंगे बाघ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मारवाड़-मेवाड़ की सरहद में अब बाघों की दहाड़ सुनाई देनी चाहिए। केन्द्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार बनने से कुंभलगढ़ बाघ पुनर्वास (टाइगर रिजर्व) की उम्मीदें बलवती हो गई है। इसके लिए एनटीसीए चार माह पहले ही अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे चुकी है। यहां बाघों का पुनर्वास किया गया तो कुंभलगढ़, राणकपुर और जवाई पर्यटन का बड़ा हब होगा। खासतौर से इस परियोजना के लिए एनटीसीए सदस्य दियाकुमारी ने काफी रुचि दिखाई थी। अब उनके उपमुख्यमंत्री बनने से परियोजना के जल्द सिरे चढ़ने की उम्मीदें जगी है।



### चार जिलों में होगा दायरा

एनटीसीए के तीन अलग-अलग दलों ने सर्वे किया था। इसकी रिपोर्ट के बाद सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। यह 4 जिलों उदयपुर, पाली, राजसमंद, सिरोही में फैला होगा। वन विभाग के अनुसार 2766 स्कायर किमी में बाघ पुनर्वास क्षेत्र बनेगा। इसमें 800 स्कायर किमी का एरिया कोर होगा, जिसमें कुंभलगढ़, अरावली, टाडगढ़ क्षेत्र का जंगल शामिल होगा। कुंभलगढ़ अभयारण्य में पाली जिले की सादडी रेंज में मोडिया वनखण्ड की 212 हैक्टेयर वनक्षेत्र में बाघ पुनर्वास एनक्लोजर का निर्माण किया गया है। कुछ प्रीबेस तैयारियां भी की गई हैं। शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या भी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### प्रदेश में ये टाइगर रिजर्व

- » रणथंभोर टाइगर रिजर्व, सवाईमाधोपुर
- » सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर
- » मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व, कोटा
- » रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, कोटा

**राणकपुर** क्षेत्र में 70 के दशक तक बाघ थे। बाघ एक निश्चित दायरे में रहता है। इस कारण यह क्षेत्र बाघों के अनुकूल है। जंगल भी बड़ा है। यहां बाघों का पुनर्वास किया जाता है तो बाघों का संरक्षण भी होगा और सैलानी बड़ी तादाद में आएंगे। इससे पर्यटन विकसित होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वन्यजीव प्रेमियों के लिए भी यह सुखद होगा।

**-दिलीप अरोड़ा,** वन्यजी प्रेमी

### कुंभलगढ़, राणकपुर और जवाई बनेगा पर्यटन सर्किट

**कुंभलगढ़**, राणकपुर और जवाई पैंथर अभयारण्य क्षेत्र पर्यटकों की पसंद बना हुआ है। यहां सालाना लाखों देशी-विदेशी सैलानी सैर करने पहुंच रहे हैं। बाघ पुनर्वास परियोजना के मूर्त रूप लेने से कुंभलगढ़, राणकपुर और जवाई क्षेत्र पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित होगा। इससे यहां सैलानी तो खिंचे आएंगे, रोजगार और निवेश बढ़ना भी तय है। देशी विदेशी सैलानियों के ठहराव से पर्यटन व्यवसाय और ग्रामीणों के लिए आय के स्रोत बढ़ जाएंगे। वन्य जीव प्रेमियों को भी बाघ पुनर्वास योजना के मूर्तरूप लेने का इंतजार है।

# फाल्गुनी मेला: 60 लाइनों से मंदिर पहुचेंगे भक्त, आसान होगा बाबा का दीदार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सीकर।** फाल्गुनी मेले के दौरान बाबा श्याम के टीकर श्रद्धालुओं को अब धूप और गर्मी में परेशान नहीं होना पड़ेगा। श्याम मंदिर कमेटी की ओर से लखदातार मैदान से नए मंदिर मार्ग पर करीब 32 करोड़ की लागत से छाया, पानी सुलभ कॉम्पलेक्स का निर्माण किया है। लामियां रोड पर बने लखदातार मैदान में 4 लाख स्क्वायर फीट में स्थाई डोम बना पक्का फर्श तैयार कराया है। इसमें अब रेलिंग का काम जारी है। इस मैदान से श्रद्धालु 60 लाइनों के जरिए मंदिर में प्रवेश करेंगे। प्रत्येक लाइन 8 फीट चौड़ी होगी। एक लाख भक्तों की क्षमता के हिस्ताब से स्थायी डोम तैयार कराया गया है। हर बार फाल्गुनी मेले में लखदातार मैदान में बांस-बल्ली से जिगजैग बनाया जाता है। छाया की व्यवस्था नहीं होने से नंगे पैर चलकर आने वाले भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार इस मैदान में घंटों खड़े रहने से श्रद्धालु बेहोश भी हो जाते हैं। डोम बनाने का काम 8 महीने से जारी था। इसे बनाने में 150 कारीगरों की टीम जुटी।

### एलईडी से करेंगे बाबा श्याम के लाइव दर्शन

**कमेटी** व्यवस्थापक संतोष शर्मा ने बताया कि फाल्गुनी मेले के दौरान लखदातार मैदान में बड़ी एलईडी लगाई जाएंगी। इससे कतार में खड़े भक्त श्याम बाबा के लाइव दर्शन कर सकेंगे। मैदान व दर्शन मार्ग पर माइक सेट भी लगेंगे। जिनके माध्यम से भक्तों को खोया-पाया व अन्य सूचना के अलावा भजन भी सुनाए जाएंगे।

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनाया

**श्याम** मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व मंत्री श्याम सिंह चौहान ने बताया कि लखदातार मैदान में बारिश के पानी को सहेजने के लिए इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए यहां स्थायी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया है। इसके लिए परिसर में तीन बड़े पानी के पॉन्ड बनाए गए हैं। बारिश के पानी को मंदिर की साफ-सफाई में काम लिया।

---

हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

# हर्षवर्धन के एम.पी. बिरला ग्रुप के बने रहेंगे अध्यक्ष

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वीरवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में हर्षवर्धन लोढ़ा के एम.पी. बिरला समूह का अध्यक्ष पद पर बने रहने के पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की खंडपीठ ने प्रियंवदा देवी बिरला की संपत्ति के प्रशासकों को कंपनियों के दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने से भी रोक दिया। लगभग तीन साल पहले, एकल न्यायाधीश ने एक आदेश पारित कर 'विस्तारित संपत्ति' की एक संदिग्ध अवधारणा के आधार पर लोढ़ा को एम.पी. बिरला समूह के अध्यक्ष पद से हटाने का निर्देश दिया था। इस फैसले को चुनौती देने पर कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने गुरुवार को 300 पन्नों का फैसला सुनाया, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि निचली अदालत एम.पी. बिरला समूह की कंपनियों, ट्रस्टों और सोसायटियों के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पीठ ने 18 सितंबर, 2020 को पारित कलकत्ता उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के विवादित फैसले का जिक्र करते हुए अपने फैसले में कहा था कि 'वसीयतनामा न्यायालय से कंपनियों की भविष्य की कार्रवाई को प्रभावित करने वाला कोई सार्वभौमिक या गतिशील निषेधाज्ञा या निर्देश नहीं हो सकता।' पीठ ने कहा कि 'सिर्फ इसलिए कि वसीयतकर्ता प्रियंवदा देवी बिरला खुद कानून के मुताबिक ऐसी कार्रवाई नहीं कर सकती थीं, अदालत ने ऐसा किया।' फैसले ने प्रशासकों की समिति के कामकाज पर कई प्रतिबंध लगाए, जिसने पिछले कुछ वर्षों में 2:1 बहुमत से कई फैसले लिए हैं और एम.पी. बिरला समूह की कंपनियों, ट्रस्टों और सोसाइटियों पर दबाव डाला है। कंपनी द्वारा जारी एक बयान में दावा किया गया कि बिरला समूह इन्हें लागू करेगा। फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए लोढ़ा परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाली सॉलिसिटर फर्म, फॉक्स एंड मंडल के पार्टनर देबंजन मंडल ने कहा कि उनका ग्राहक न्यायपालिका के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और नागरिक अधिकारों के अंतिम रक्षक के रूप में उस पर विश्वास करना चाहता है। यह इंगित करते हुए कि कलकत्ता उच्च न्यायालय में दिवंगत प्रियंवदा बिरला की वसीयत पर कानूनी लड़ाई शुरू हुए 19 साल बीत चुके हैं, खंडपीठ ने गुरुवार को निर्देश दिया कि प्रोबेट याचिका - या वसीयत की कानूनी वैधता स्थापित करने वाली याचिका - पर सुनवाई फिर से शुरू होनी चाहिए जल्द से जल्द। इसके बाद इस मामले से संबंधित सभी विवाद अपने आप ही समाप्त हो जाएंगे।

---

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

# नए साल से प्रवेश परीक्षा देकर ही बन सकेंगे अधिवक्ता

**एलएलबी में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू होगी नई व्यवस्था**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को 90 फीसदी वकील और करीब 70 फीसदी न्यायाधीश देने वाले जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) से अब वकालत करना आसान नहीं होगा। अगले साल शैक्षणिक सत्र 2024-25 से जेएनवीयू पंचवर्षीय विधि पाठ्यक्रम (बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी) और तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम (एलएलबी) के लिए प्रवेश परीक्षा लागू करने जा रहा है। यहां 1947 से एलएलबी शुरू हुई थी। एलएलबी के 75 साल से अधिक होने के मौके पर विवि यह नवाचार करने जा रहा है। इससे योग्य अभ्यर्थी ही वकील बन पाएंगे।

### 80 की जगह 60 का सेक्शन

वर्तमान में एलएलबी की 320 सीटों के लिए 80 सीटों के चार सेक्शन है। विवि ने अगले साल से 60 सीट का सेक्शन करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रस्ताव भेजा है। विवि ने एलएलबी में स्ववित्त पोषित आधार पर सेक्शन पहले से ही बंद कर दिए हैं। इसके अलावा विवि ने पंचवर्षीय विधि पाठ्यक्रम के बीबीएल एलएलबी के स्थान पर बीकॉम एलएलबी लागू करने के लिए भी प्रस्ताव भेजा है। बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी में 120-120 सीटें है। बीबीए एलएलबी में सीटें खाली रह जाने के कारण यह निर्णय किया है।



### 320 सीट के लिए आते हैं 2500 आवेदन

विवि में एलएलबी की 320 सीटें हैं। प्रवेश के लिए करीब 2500 आवेदन आते हैं। स्नातक स्तर के प्राप्तांकों की मैरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। विवि में स्नातक स्तर पर 60 से 65 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले टॉपर होते हैं। यहां मार्किंग टफ है, जबकि कई निजी विवि और निजी कॉलेज 80 फीसदी अंक दे देते हैं जिससे योग्य अभ्यर्थी एलएलबी में प्रवेश के लिए वंचित हो जाते थे। एलएलबी की कटऑफ भी 65 प्रतिशत के आसपास रहती है।

### 100 प्रश्न, 300 अंक का होगा पेपर

जेएनवीयू में आगामी सत्र से पंचवर्षीय और त्रिवर्षीय दोनों ही विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा 300 अंक की होगी। दो घंटे के प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न आएंगे। एक तिहाई नकारात्मक अंकन होगा। हिंदी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान के अलावा संविधान, एडवोकेट एक्ट सहित विधि से जुड़े प्रश्न भी पूछे जाएंगे।

> **विधि** पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा अगले साल से लागू होगी। इससे समाज व न्यायिक प्रणाली को बेहतर वकील मिल पाएंगे।
> - **प्रो. सुनील आसोपा,** डीन, विधि संकाय, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

# सावधान! टूटी सड़कें कर रही अंबाजी से राजस्थान में स्वागत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अंबाजी (उमेश पंचाल)।** गुजरात से राजस्थान छापरी सीमा मे प्रवेश करते ही सड़क की हालत गंभीर अंबाजी सें माउंट आबू जाने- आने वाले मार्ग की दुर्दशा को देख अनायास ही लोग कह सकते हैं कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क। मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार समस्या को जानते नहीं हैं। इनका अक्सर इस मार्ग से निकलना होता है, लेकिन देख कर अनदेखा कर देते हैं और खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है।

गुजरात के शक्तिपीठ अंबाजी से आबूरोड जाने वाली सड़क जगह-जगह से टूटी हुई होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात की सरहद पार करते ही राजस्थान सीमा मे प्रवेश करते ही वहीं सड़क के बीचोंबीच बने हुए गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। गुजरात के अंबाजी सें आबूरोड ओर माउंट आबू जाने के लिए इसी सड़क मार्ग से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों और गुजरात से माउंट आबू जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटक नया सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि राजस्थान में अब सत्ता में आई भाजपा सरकार कब नया सड़क बनवाने की सौगात देती।

---

# यात्रियों को रेलगाड़ियों में चढ़ने-उतरने में होगी आसानी, ऊंचे होंगे प्लेटफार्म

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर मंडल के 36 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर होगा कार्य**

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल में इलेक्ट्रिक लाइन बिछ गई है। कई रेलगाड़ियों का संचालन भी शुरू हो गया है। कई रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म नीचे होने से यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने व उतरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके समाधान के लिए मंडल के 36 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को ऊंचा किया जाएगा। मंडल के 22 स्टेशनों पर कार्य शुरू हो गया है। वहीं तिलवाड़ा स्टेशन पर कार्य पूरा कर लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि छोटे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म नीचे होने के कारण यात्रियों को असुविधा होती है। कई यात्री गिरकर चोटिल हो जाते है। कम ऊंचाई वाले प्लेटफॉर्म पर रेलयात्रा के दौरान दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को रेलगाड़ियों में उतरने-चढ़ने में सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### रोहट स्टेशन पर भी ऊंचा होगा प्लेटफॉर्म

**पाली** जिले के रोहट रेलवे स्टेशन को भी ऊंचा किया जाएगा। इसके अलावा जोधपुर रेल मंडल के गच्छीपुरा, बोरावड, कुचामन सिटी, तिलवाड़ा, परबतसर, खजवाना, परलू, शैतानसिंह नगर, भाचभर, बालसमंद, भीमरलाई, बनिया सांडा धोरा, कवास, जनियाना, जसाई, जेठा चांदन, मारवाड़ बिठडी, श्रीबालाजी, हरलाया, मुनाबाव, बदवासी, गडरा रोड, उदारामसर, गुढ़ा, गोविंदी मारवाड़, मारवाड़ छापरी, सालावास, श्री भादरिया लाठी, गोल, दुंदाड़ा, नया खारडिया, तालछापर, पीपाड़ रोड, गागरिया व रामसर स्टेशनों को ऊंचा किया जाएगा।

---

एमएसएमई का आईटीआई में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

# अपनी खुद की पहचान बनायें-सुथार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** फोर्टी और एमएसएमई विकास जयपुर द्वारा जिला उद्योग केन्द्र व नाबार्ड के सहयोग से एससी और एसटी स्टूडेंट्स के लिए आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। फोर्टी उदयपुर सचिव चर्चिल जैन ने बताया कि केंद्रीय योजनाओं में एससी और एसटी वर्ग के लिए की जा रही विशेष सुविधाओं और प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया गया।

उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम की महत्वत्ता बताते हुए जिला उद्योग केंद्र के जनरल मैनेजर शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम के जरिए युवाओं को स्वरोजगार की प्रेरणा मिलती है ओर साथ ही स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग का पूरा फायदा उठा कर उसे सही जगह इस्तेमाल कर खुद का व्यवसाय लगाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फोर्टी राजस्थान ब्रांचेज चैयरमेन प्रवीण सुथार ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार एमएसएमई सेक्टर को बढ़ाने का प्रयास कर रही है इससे न केवल देश में अधिकाधिक रोजगार उत्पन्न होंगे बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। सरकार का विजन है कि युवा रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बनें, इसलिए नए स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान एमएसएमई (डीएफओ) जयपुर से सहायक निदेशक तरूण भटनागर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सर्विस प्रोवाइडर बनिए तभी देश आगे बढ़ेगा। केंद्र और राज्य सरकारें एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता व कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, इसका वह लाभ उठाएं। कार्यक्रम में आये सभी मेहमानों का धन्यवाद देते हुए एमएसएमई के असिस्टेंट डायरेक्टर संजय मिना ने कहा कि युवा देश का भविष्य है आपको सही दिशा मिले उसके लिए हम सभीका प्रयास है।

इस मौके पर एमएसएमई से नरेंद्र कुमार, आईटीआई के प्रधानाध्यापक अनिल खण्डेलवाल ने उदयपुर के सेंटर को राज्य का बेस्ट सेंटर बताते हुए इसकी विशेषता भी बताई। सभी संस्थाओ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

---

# जैसलमेर से मुंबई के लिए स्पाइस जेट की 23 से डायरेक्ट फ्लाइट शुरू

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** पर्यटकों की आवक को देखते हुए जैसलमेर में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। इसी माह की शुरुआत में स्पाइसजेट ने जैसलमेर-दिल्ली के बीच हवाई सेवाओं आगाज किया था। जैसलमेर के सिविल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब इंडिगो भी अपनी हवाई सेवा चला रहा है। स्पाइसजेट और इंडिगो के बीच कॉम्पिटिशन के चलते इस बार स्पाइसजेट ने सिर्फ दिल्ली के लिए ही हवाई सेवा शुरू की थी। लेकिन 23 दिसंबर से टूरिस्ट बूम को देखते हुए स्पाइसजेट मुंबई-जैसलमेर के बीच भी हवाई सेवा शुरू करने जा रही है। जिसकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। समय सारणी के अनुसार मुंबई से पहली फ्लाइट सुबह 7.45 मिनट पर रवाना होगी, जो 9. 40 मिनट पर जैसलमेर में लैंड करेगी। वहीं फ्लाइट जैसलमेर से सुबह 10.10 मिनट पर रवाना होकर 12.5 मिनट पर मुंबई पहुंचेगी।

---

# 4 माह से RSMM सोनू माइंस विवाद जारी, हड़ताल से राज्य सरकार को 20 करोड़ का नुकसान

- ठेकेदार ने कहा कुछ असामजिक करना चाहते है अवैध वसूली,यूनियन ने लगाए RSMM अधिकारी, ठेकेदार व प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप
- सोनू माइंस में लोडिंग का काम है बंद, विवाद के चलते हुआ 500 करोड़ से अधिक का नुकसान, रेलवे को 350 करोड़ और RSMM को 80 करोड़ का नुकसान
- सोनू माइंस में रोज तीन से चार रैंक की होती थी लोडिंग, रोजाना 21 हजार टन का कॉन्ट्रैक्ट, लेकिन 2 हजार टन का हो रहा परिवहन , दिन में केवल 4 घण्टे गाड़ियों का हो रहा है परिवहन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** सरहदी जिले जैसलमेर जिले में इन दिनों सबसे बड़ा मुद्दा सोनू माइंस की ट्रक यूनियन व ठेकेदार के बीच चल रहा विवाद पिछले चार महीने से थमने का नाम नहीं ले रही है. ऊपर से लेकर नीचे तक इस विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन बात आगे ही नहीं बढ़ रही है. ट्रक यूनियन अपनी मांगों पर अडिग है, हालांकि उनकी तरफ से अभी तक स्पष्ट मांगें सामने नहीं आई है.बताया जा रहा है कि यह विवाद हर बार होता है और सिर्फ लोडिंग रेट को लेकर वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार का कहना है कि उसने जितने में ठेका लिया है उससे ज्यादा वह पैसे दे ही नहीं सकता है.वही ठेकेदार का कहना है कि हम नियमानुसार काम करने व ट्रक मालिकों से तर्कसंगत बात करने को तैयार है,लेकिन कुछ लोग नही चाहते की सुलह हो और बार बार माहौल खराब करके काम बंद करवाने का प्रयास करते है,लेकिन इस सबके बीच रस्सक्के अधिकारी व कर्मचारी कैमरा पर कुछ भी बोलने को तैयार नही है.ज्यादा पूछने पर विभागीय सरक्यूलर का बहाना भी बनाते है.लेकिन सोनू माईनस के एक अधिकारी ने बिना कैमरा के सारी हकीकत बया की. जिले के सबसे बड़े उपक्रम आरएसएमएम लिमिटेड में लाइम स्टोन की ढुलाई को लेकर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. हर बार नए ठेके होने बाद ठेकेदार व ट्रक मालिकों के बीच ढुलाई दरों को लेकर तनातनी होती है और फिर स्थानीय लोगों की मांगो को मान लिया जाता है.लेकिन बार 4 से 5 माह हो जाने के बाद भी कोई सफल वार्ता नही हुई.जिसका सबसे बड़ा कारण RSMM के अधिकारियों व प्रशासन में सामंजस्य की कमी लगता है.यह मामला कोर्ट तक भी पहुंचा. हाईकोर्ट ने काम चालू करवाने के साथ-साथ विरोध करने वालों को शांतिपूर्वक धरना देने की हिदायत भी दी.बावजूद इसके अभी तक आरएसएमएम का काम सूचारु नही हो पाया है. ट्रक यूनियन लोगों ने बताया कि ठेकेदार के आदमियों द्वारा जारी कई विज्ञप्ति के अनुसार एक नंबर कांटे से 67 रुपये व दो नंबर कांटे से 60 रुपये प्रति टन ढुलाई दी जाएगी.जबकि पूर्व में एक नंबर कांटे से 83.91 रुपये प्रति टन दो नंबर काटे से 75 रुपये प्रति टन का रेट चल रहा है.वही इन दरों में अंतराल होने के कारण 4 माह से ट्रक यूनियन के लोग धरने पर बैठे है.ट्रक मालिकों के अनुसार उन्होंने हर सम्भव प्रयास कर लिया है,पहले धरना दिया,गाड़िया भी रुकवाने की चेतावनी दी और वोट का बहिष्कार भी किया लेकिन अब तक किसी ने कोई सुध नही ली.उल्टा हाई कोर्ट के आदेशों के नाम पर हमें दबाने का प्रयास हो रहा है. वही RSMM के तमाम अधिकारियों से बातचीत का प्रयास किया, लेकिन कैमरा पर कोई भी बोलने को तैयार नही हुआ और विभाग द्वारा जारी सरक्यूलर का बहाना बना दिया.हालांकि सोनू माइनस के विभागीय अधिकारी ने कैमरा पर न आने की बात कहते हुए कई फेक्ट्स सामने रखे।

### स्टील कंपनियों में ज्यादा काम आता हैं लाइम स्टोन, हड़ताल के कारण अब कर रहे हैं आयात

**विवाद** के चलते हर किसी को नुकसान हो रहा है.सोनू माइंस में रजिस्टर्ड 100 ट्रकों के पहिए थर्म हुए हैं.ट्रक यूनियन अपनी शर्तों पर ही गाड़ियां लगाने के लिए अडिग है. वहीं ठेकेदार की गाड़ियां भी रुकी पड़ी है.सोनू माइंस से रोजाना 3 से 4 रैक लोडिंग होती है, उससे रेलवे को साढ़े तीन से चार करोड़ भाड़ा मिलता है.चार माह से काम ठप होने के चलते रेलवे को 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है. इसके अलावा आरएसएमएम को 80 करोड़ और सरकार को रॉयल्टी का करीब 20 करोड़ का नुकसान हो चुका है.विवाद जारी रहेगा तो यह नुकसान बढ़ता जाएगा. आरएसएमएम एमडी ताराचंद मीणा व इनसे पूर्व संदेश नायक ने जैसलमेर प्रशासन को लगातार पत्र लिखे और मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के निर्देश दिए लेकिन अब तक बात नहीं बनी है. अब देखना की बात तो होगी कि खबर को देखने के बाद जिम्मेदार मौन रहते हैं या फिर RSMM के ठेकेदार व ट्रक यूनियन के बीच वार्ता कर इस विवाद को निपटाते हैं.



फाईल फोटो

### फेक्ट

- ट्रक यूनियन चाहता है कि उनके द्वारा बताई गई डर पर ही सारे लोकल ट्रक चले.जबकि ठेकेदार 50% ट्रक अपने चलाना चाहता है.हालांकि यह ओपन टेंडर है ठेकेदार चाहे जिसके ट्रक काम मे ले सकता है.
- ठेकेदार उच्च क्षमता के ट्रक चलाना चाहता है,जिसकी प्रति टन लागत कम आती है.वही ट्रक यूनियन चाहता है कि उनके पुराने कम क्षमता के ट्रक चलाए जाए,हालांकि इसकी लागत ज्यादा आती है.
- ठेकेदार को परिवहन कार्य 70 रुपए और 79 रुपए में मिला है,अब इस विवाद को निपटाने के लिए वो यह पूर्ण राशि स्थानीय ट्रक यूनियन को देने को तैयार है और सारे ट्रक भी वो जैसलमेर के चलाने पर सहमत हुआ है.लेकिन यूनियन के नाम पर कुछ लोग विवाद बड़ा रहे है.
- हाय कोर्ट के आदेश के बारे में जब जानकारी ली गई तो अधिकारी ने बताया कि, ठेकेदार द्वारा हाइ कोर्ट की शरण ली गई थी,फैसला ठेकेदार के पक्ष में आया और पुलिस की सुरक्षा मेंट्रैकों को चलाने के आदेश भी दिए गए थे.
- वही कोर्ट ने ट्रक यूनियन को नियमानुसार कानून के दायरे में रहते हुए शांतिपूर्वक वार्ता कर अपनी मांग पर चर्चा करने की बात कही है.

### स्टील कंपनियां बाहर से लाइम स्टोन मंगवाने पर मजबूर

जानकारी के अनुसार जैसलमेर में देश भर का सर्वाधिक उच्च गुणवत्ता वाला लाइम स्टोन निकलता है.जानी मानी स्टील कंपनियां यहां का लाइम स्टोन उपयोग में लेती है. आरएसएमएम के लाइम स्टोन की सबसे बड़ी खरीदार कंपनियों में स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया व टाटा स्टील शामिल है.इन्हें दो माह से लाइम स्टोन नहीं मिल रहा है. मजबूरी में स्टील कंपनियां बाहर से लाइम स्टोन मंगवाने को मजबूर है.

> **यूनाइटेड** कॉल करियर का हमारा 6 महीने पूर्व काम शुरू हुआ था जब हमने काम शुरू किया तब स्थानीय यूनियन की से संपर्क किया जाए उनसे बातचीत की यूनियन के साथ में स्थानीय डर के अनुसार डबल दर वसूल करना चाहती है जो हमारे लिए पॉसिबल नहीं है.गोपाल सिंह ने बताया कि जब हमारा काम शुरू नहीं हुआ तो हमें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी उसके बाद कोर्ट ने पुलिस को पाबंद किया कि उनके काम को शुरू किया जाए. पुलिस ने हमारे को 4-6 घण्टे का टाइम दिया.उसके बावजूद भी ट्रक को रोक रहे हैं जिससे हमारे चार से 6 घंटे का जो ट्रांसपोर्टेशन का कार्य प्रभावित हो रहा है. जिससे हम काम सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं RSMM से जो हमारा कांटेक्ट हुआ है जो 21000 टन का हुआ है लेकिन मुश्किल से 1500 से 2000 टन ही माल का परिवार कर पाते हैं. जिससे राजस्व के साथ हमें बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है.
> - **गोपाल सिंह,** साइड इंचार्ज,यूनाइटेड कॉल कैरियर

> **4** माह से ठेकेदार अपनी जिद पर अडा हुआ है.प्रशासन हो या पुलिस हमारी कोई सुध नही ले रहा है.ठेकेदार नियम विरुद्ध काम कर रहा है.टेंडर का 90% माल ष्ठरुहोना चाहिए,लेकिन वो LL हुआ है. वही उनका कहना है कि यह टेंडर कुल 122 रुपए प्रति टन में लिया गया.जिसमें 70 रुपए परिवहन और 52 वेगन लोडिंग व अन्य है.लेकिन केवल 57 रुपए लोडर लोडिंग के रेट भरे गए है.ठेकेदार चाहे तो हमारी मांगे पूरी कर सकता है.अगर अब भी हमारी मांगे नही मानी गई तो हम उग्र आंदोलन करेंगे.
> - **कवराज सिंह,** पूर्व अध्यक्ष,ट्रक यूनियन

---


# घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक .....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................................

पता : ....................................

....................................

फोन .................................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि ( रुपए ) .................................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

- सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

### पीएम मोदी-अमित शाह करेंगे शिरकत

# जयपुर में 5-7 जनवरी को देशभर के डीजी-आईजी की होगी कांफ्रेंस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नई सरकार के गठन के बाद राजस्थान एक बड़े आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। देश के सभी राज्यों की पुलिस के मुखिया (डीजी) और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की एक साझा कॉन्फ्रेंस (डीजी-आईजी) कॉन्फ्रेंस जयपुर में होने जा रही है। अगले साल 5-7 जनवरी तक होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी शिरकत करेंगे। सभी राज्यों के डीजी और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की कांफ्रेंस (डीजी-आईजी कांफ्रेंस) जयपुर में होगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आएंगे। उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी कांफ्रेंस में शामिल होंगे। कांफ्रेंस को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांफ्रेंस 5, 6, व 7 जनवरी को झालाना स्थित आरआईसी में होगी। अमित शाह तीन दिन यहीं रहेंगे। वहीं पीएम मोदी छह जनवरी सुबह जयपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वे सात जनवरी को दोपहर तक यहां रहेंगे। इसमें सभी राज्यों के डीजी व केन्द्रीय एजेसिंयों के प्रमुख सहित करीब 80 अधिकारी शामिल होंगे।

### संगीनों के साए में होगी सुरक्षा

**डीजी-आईजी** कॉन्फ्रेंस को लेकर राजस्थान सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह कॉन्फ्रेंस जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। तीन दिन तक यह इलाका छावनी में तब्दील हो जाएगा। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए जाएंगे, जिसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।



### मुकेश भारद्वाज लेकर आए चुनरी और प्रसाद

## कैला मैया करौली वाली के मन्दिर से आया मुख्यमंत्री भजनलाल के लिए आशीर्वाद

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कैला मैया करौली वाली के दरबार से आशीर्वाद स्वरूप चुनरी व प्रसाद आया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लंबे समय से पार्टी में कार्य कर रहे हैं। इन्होंने प्रतापनगर विधानसभा सीट से भजनलाल शर्मा की जीत के लिए दिन-रात मेहनत की और कैला मैया से मनौती मांगी थी कि अगर भजनलाल शर्मा चुनाव जीत जाएंगे तो मैं तुम्हारी जात करूंगा। मुकेश भारद्वाज ने बताया कि हमने तो मैया से प्रताप नगर के निवासियों की सेवा के लिए अर्जी लगाई थी। मगर, मां ने तो हमें पूरे राजस्थान की सेवा का ही अवसर देते हुए भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बना दिया। कैला मैया के दरबार में जाकर हाजिरी लगाई और वहां मंदिर महंत से जब बात की तो उन्होंने राजस्थान की खुशहाली व समृद्धि के लिए भजनलाल शर्मा को मां कैलादेवी के आशीर्वाद स्वरूप चुनरी और प्रसाद भिजवा दिया।

## महिला लाभार्थियों से संवाद करेंगी राष्ट्रपति



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 23 दिसम्बर को जैसलमेर यात्रा पर आ रही हैं। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति जैसलमेर के पूनम स्टेडियम में राष्ट्रीय आजीविका मिशन की लाभार्थी महिलाओं से मुलाकात और संवाद करेंगी। इस संबंध में कार्यक्रम बनने के बाद मंगलवार को जिला कलक्टर आशीष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शहीद पूनमसिंह स्टेडियम का जायजा लिया। इससे यह माना जा रहा है कि राष्ट्रपति मुर्मू इसी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी महिलाओं से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भी जैसलमेर आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सर्वोच्च प्रोटोकॉल वाले वीवीआइपी की जैसलमेर यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। मंगलवार को प्रशासन और पुलिस के अन्य अधिकारी भी पूनम स्टेडियम पहुंचे। गौरतलब है कि पहले यह जानकारी मिल रही थी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 23 दिसम्बर को सेना के किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जैसलमेर पहुंच रही हैं।

### योगदान : 90 से अधिक देशों में है अहम मौजूदगी

## संयुक्त राष्ट्र ने 2024 को घोषित किया अंतरराष्ट्रीय ऊंट वर्ष

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने 2024 को अंतरराष्ट्रीय ऊंट (कैमलिड्स) वर्ष घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की ओर से कहा गया है कि अगला वर्ष कैमलिड्स यानी ऊंट प्रजाति के जीवों की विभिन्न समुदायों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करने का वर्ष होगा। यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि ये जानवर दुनिया में कई समुदायों के लिए खाद्य सुरक्षा, पोषण और आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। इसके अलावा, ऊंट दुनिया भर के विभिन्न समुदायों के लिए एक मजबूत सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व भी रखते हैं। संगठन के आधिकारिक पेज पर कहा गया है कि ऊंट वहां पनपते हैं जहां अन्य पशुधन जीवित नहीं रह सकते। इन इलाकों में इनकी भूमिका सामानों, उत्पादों और लोगों के परिवहन समेत उन समुदायों को दूध, मांस और फाइबर जैसी आवश्यकताएं प्रदान करने में अहम होती है।

### कई घरों में आजीविका का आधार है ये जीव

संगठन 2024 में लोगों को इस बात से भी अवगत कराएगा कि 90 से अधिक देशों में जीवन के विपरीत हालातों में भी ऊंट और उसकी प्रजाति के अन्य जानवर कई घरों की आजीविका की मुख्य आधार बने हुए हैं। गौरतलब है कि ऊंट प्रजाति के जीवों में लामा, अल्पाका, विकुना, बैक्ट्रियन ऊंट, ड्रोमेडरीज और गुआनाकोस सहित ऊंट स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों की आजीविका के लिए विशेष रूप से उपयोगी होते हैं।

## लोकसभा चुनाव लड़ेगी कंगना रनौत! पिता ने किया खुलासा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव 2024 होने वाले है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित सभी पार्टियों अपने तैयारी शुरू कर दी है। इसी बीच खबर आ रही है कि बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत बीजेपी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले काफी समय से खबरे आ रही थी कि बॉलीवुड की क्वीन राजनीति के क्षेत्र में आना चाहती है। इस पर अभिनेत्री के पिता अमरदीप रनौत ने बड़ा खुलासा किया है। कंगना के पिता ने उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात की पुष्टि की है। सीट को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी तय करेगी कि कंगना कहां से चुनाव लड़वाना है।

ANCHOR | जिम्मेदारी

## गहलोत, बघेल नेशनल अलायंस कमेटी में शामिल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इंडी गठबंधन की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल अलायंस कमिटी गठित की है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा उठाया गया यह अहम कदम है। इस समिति में पार्टी के पांच वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इसमें राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक और मोहन प्रकाश को शामिल किया है। कमेटी का संयोजक मुकुल वासनिक को बनाया गया है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मिली हार के बाद अशोक गहलोत और भूपेश बघेल को कमेटी में शामिल किया गया है। जबकि पहले दोनो ही राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। नतीजों के बाद से ही दोनों नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका दिए जाने की चर्चा चल रही थी।

### क्या करेगी कमेटी?



**कांग्रेस** की ओर से बनाई गई राष्ट्रीय गठबंधन समिति के लिए राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश को जिम्मेदारी दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, इसमें शामिल नेता लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर साथी दलों के साथ मिलकर सीट शेयरिंग के साथ साथ बाकी मामलों पर चर्चा करेंगे। बता दें कि आज दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक हो रही है। मीटिंग में सीट बंटवारे पर चर्चा होने वाली है। जो विपक्षी एकता को बनाये रखने में सबसे बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। कांग्रेस के सामने यूपी, पंजाब, दिल्ली, केरल और पश्चिम बंगाल में सीटों का बंटवारा करने की चुनौती है। इस वजह से कांग्रेस ने नेशनल अलायंस कमेटी बनाई है।

### 27 दलों के नेता पहुंचे

आज इंडी गठबंधन की होने वाली चौथी बैठक में 27 दलों के नेता पहुंचे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद इस बैठक के कई मायनें निकाले जा रहे हैं। इस बैठक में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद सोनिया गांधी, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, शरद पवार, लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव और जयंत चौधरी शामिल हैं।




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत किया शौचालयों का मूल्यांकन



**सिरोही @ जागरूक जनता।** स्वच्छ शौचालय अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आज नगर परिषद सिरोही में स्वयं सहायक समूह महिलाओं द्वारा जनाना हॉस्पिटल में स्थित शौचालय का मूल्यांकन किया गया। इस टॉयलेट में सारी सुविधा है उनको SHGs महिलाओं द्वारा ग्रेडिंग दी गई। नगर परिषद के अंतर्गत जितने भी शौचालय हैं उनकी ग्रेडिंग/मूल्यांकन का कार्य दिनांक 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत आयुक्त योगेश आचार्य ने बताया कि जिस शौचालय की मरमत नही हो रखी थी उनकी मरमत की गई है। और जो बचे है कोई भी कम्युनिटी टॉयलेट या पब्लिक टॉयलेट है उनकी मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही इस बार सरकार द्वारा 4 नये टॉयलेट आए हुए जो नगर परिषद, कालका जी और गोयली चौराए पर बनने हैं उनका कार्य जल्दी शुरू हो जाएगा। अभियान के अंतर्गत कार्यालय से स्वच्छ भारत मिशन से अभियंता मुकेश कुमार और सामूदायिक संगठन से हरीश कुमार और स्वयं सहायक समूह महिलाए उपस्थित थे।

## जोधपुर की मंजू गहलोत व मोनिका सांखला नारी शक्ति अवॉर्ड से होंगी सम्मानित





**जोधपुर @ जागरूक जनता।** वूमेन पावर सोसाइटी जयपुर द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह 24 दिसंबर को गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित होने जा रहा है जिसमें जोधपुर की माली सैनी समाज की मंजू गहलोत व मोनिका सांखला को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा जाएगा गौरतलब है कि मंजू गहलोत व मोनिका सांखला ने समाज हित के साथ सभी वर्ग की महिलाओं, बच्चों की शिक्षा, बाल संरक्षण अधिकार के क्षेत्र, पर्यावरण, कलात्मक, नृत्य, मनोरंजन, स्वास्थ्य, स्लम एरिया में सेवा, बुजुर्गों का सम्मान, खेलकूद, पीड़ित मानवीय सेवा, महिला सशक्तिकरण पर अनेक कार्य करके समाज सेवा में अपनी सेवाएं दी है इन्ही उत्कृष्ट सेवाओं के उपलक्ष में जयपुर में "नारी शक्ति वंदन सम्मान" से मंजू गहलोत व मोनिका सांखला को नवाजा जाएगा द्य खबर सुनते ही सभी महिला मंडल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दोनों को सोशल मीडिया और व्यक्तिगत के बधाई प्रेषित की।

## राष्ट्रपति की प्रस्तावित जैसलमेर यात्रा की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 23 दिसंबर को प्रस्तावित जैसलमेर जिले की यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शासन सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया जाए। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन से प्राप्त निर्देशों की शत-प्रतिशत रूप से पालना की जाए। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था, रूट सहित अन्य सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन दिनेश कुमार ने प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सहित गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पीएचईडी, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, नगरीय विकास एवं आवासन, सूचना एवं जनसंपर्क, पर्यटन, स्वायत्त शासन विभाग, मोटर गैराज, बीएसएनएल आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा जैसलमेर जिला कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 वैरिएंट को लेकर की समीक्षा

# पॉजिटिव पाए जाने पर सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने निर्देश दिए हैं कि केरल में सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 वैरिएंट के रोगी पाए जाने के दृष्टिगत प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में आने वाले आईएलआई एवं श्वसन रोगों से पीड़ित (ILI/SARI) रोगियों की सतत निगरानी की जाए एवं आवश्यकतानुसार जांच हेतु नमूने लिये जाएं। उन्होंने रोगियों की सूचना प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने के भी निर्देश दिए। सिंह मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में राज्य में कोविड-19, आईएलआई तथा एसएआरआई रोगों की समीक्षा कर रही थीं। बैठक में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य श्री रवि प्रकाश शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबॉयोलोजी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि केरल में पाये गये सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 वैरिएंट का प्रदेश में एक भी रोगी चिन्हित नहीं हुआ है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस वैरिएंट का एक भी रोगी सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियातन समस्त चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक आइसोलेशन बैड, ऑक्सीजन बैड, आईसीयू बैड, वेन्टीलेटर, दवाइयों एवं जांच सुविधा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।सिंह ने कहा कि संयुक्त निदेशक-जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आईडीएसपी टीम आईएलआई एवं एसएआरआई रोगियों की निगरानी रखे और ऐसे रोगियों की जांच कराई जाए। किसी जिले में कोविड पॉजिटिव रोगी पाये जाने पर उसका सैम्पल जीनोम सिक्वेंसिंग हेतु लैब में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यह सुविधा जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में उपलब्ध है।

### शिल्पग्राम उत्सव: दस दिन तक जमेगा विभिन्न संस्कृतियों का मेला

# कल से मेवाड़ में गूंजेगा पूरे देश का लोक संगीत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से 21 दिसंबर से आयोजित होने वाले शिल्पग्राम उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वृहद सांस्कृतिक आयोजन में शरीक होने के लिए देशभर के अधिकतर लोक कलाकार पहुंच चुके हैं। वहीं, यहां लगने वाली हस्तशिल्प के उत्पादों की स्टाल्स भी तैयार हो चुके हैं। पूर्व में ही आवंटित करीब चार सौ स्टाल्स में से मंगलवार शाम तक 135 आर्टिजन पहुंचकर अपने स्टाल्स जमाने में लग चुके हैं। बता दें, इस उत्सव में 500 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यहां गुरुवार से देशभर के लोक संगीत की गूंज के साथ विभिन्न संस्कृतियों का मेला शुरू हो जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि उत्सव में अपनी परफोरमेंस देने पहुंचे कलाकारों के ग्रुप्स ने शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर रिहर्सल शुरू कर दिया है। इनमें खासतौर से ओडिशा के गोटीपुआ, गुजरात के सिद्धि धमाल और राठवा, पश्चिम बंगाल का छाउ, राजस्थान के किशनगढ़ का चरी आदि नृत्यों के ग्रुप पूरी शिद्दत से रिहर्सल कर रहे हैं। इनके साथ ही छत्तीसगढ़ के बस्तर के ककसार, ओडिशा का पाईका अखाड़ा, गुजरात के गरबा और मणिपुर के पुंग चोलम डांस के कलाकार भी जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

**स्टाल्स में मिलेंगे ये प्रोडक्ट :** यहां देश के तमाम हिस्सों से आर्टिजन अपने उत्पाद लाएंगे। इनमें मीनाकारी ज्वेलरी, खिलौने, शॉल, पोटरी, लाख की चूड़ियां, टेराकोटा, एम्ब्रोडरी आइटम्स, हैंडलूम, लेदर, जरी, गुजराती सिल्क साड़ियां, राजस्थान की टाई–डाई, मारबल आदि के प्रोडक्ट्स से लेकर सूखे मेवे तक उपलब्ध होंगे।

### राज्य स्तरीय कार्यशाला

# बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी प्रकोप का वैज्ञानिक तरीकें से करना होगा नियंत्रण



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीटी कपास फसल में गुलाबी सुण्ड़ी के प्रकोप के प्रबंधन के लिए कृषि आयुक्तालय जयपुर में कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में खरीफ- 2023 में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलें में बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी के प्रकोप से हुए नुकसान के कारणों एवं विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही गुलाबी सुण्डी के जीवन चक्र, उसके द्वारा किये गये आर्थिक नुकसान स्तर के प्रकोप आदि पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। डॉ. पृथ्वी ने बताया कि बीटी कपास में खरीफ-2023 के दौरान गुलाबी सुण्डी का प्रकोप श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलें में होने का प्रमुख कारण गत वर्ष की छट्टियों (बन सठियों) के अवशेष खेत में पड़े रहने के कारण उनमें उपस्थित गुलाबी सुण्डी कीट के प्यूपा से प्रथम संक्रमण शुरू हुआ, जिससे फसल संक्रमित हुई। उन्होंने बताया कि बीटी कपास की बुवाई अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह से लेकर 10 जून तक लंबी अवधि में किये जाने के कारण गुलाबी सुण्डी के जीवन चक्र के लिए अनुकूल फसल उपलब्ध रहने से टिण्डों में प्रकोप हुआ है। मई, जून व जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा व कम तापमान के कारण कीट को अनुकूल वातावरण मिलने से कीट का प्रकोप अत्यधिक हुआ। सितम्बर माह में हुई वर्षा के बाद टिण्डा गलन भी नुकसान का मुख्य कारण रहा।

# दिव्यांशी को आईआईएम द्वारा गोल्डन बैज सर्टिफिकेट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाडा।** अन्तर्राष्ट्रीय स्पोकन इंग्लिश व पर्सनालिटी डेवलपमेंट ट्रेनर दिव्यांशी शुक्ला को प्रतिष्ठित आईआईएम, बेंगलुरु द्वारा आयोजित इफेक्टिव कम्युनिकेशन स्किल्स की परीक्षा में 97 प्रतिशत हासिल करने के लिए गोल्डन बैज सर्टिफिकेट दिया गया। यह परीक्षा भारत सरकार के स्वयं पोर्टल व आईआईएम के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित करवाई जाती है।दिव्यांशी एजुकेशनल स्टार्ट-अप टील्स एजुकेशन के ऑनलाइन विभाग को लीड करती हैं। द्वारिका कॉलोनी निवासी दिव्यांशी शुक्ला ऑनलाइन एड्‌केशन के माध्यम से अमेरिका, हंगेरी, कनाडा, जापान सहित लगभग 15 देशों के विद्यार्थियों को इंग्लिश भाषा व व्यक्तित्व विकास की प्रशिक्षा दे रही हैं। दिव्यांशी ने बताया की यह एक पोस्ट ग्रेजुएट लेवल का कोर्स हैं जिसमे आईआईएम बेंगलोर के प्रशिक्षकों के द्वारा शानदार तरीके के प्रशिक्षण दिया जाता हैं व अंत में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रोक्टोरड एग्जाम होता हैं। दिव्यांशी ने बताया की वह इस उपलब्धि को पाकर बहुत खुश हैं और वो निश्चित रूप से इस कोर्स द्वारा प्राप्त ज्ञान को उनके विद्यार्थियों तक पहुचाने का प्रयास करेगी जिससे सभी तरीके के विद्यार्थी कम्युनिकेशन की बारीकियों को समझ सके और अपने भाषायी कौशल को बेहतर कर सकें। इससे पहले भी दिव्यांशी महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर में मास्टर ऑफ़ आर्ट्स, इंग्लिश लिटरेचर की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बना चुकी हैं व साथ ही उनकी इंग्लिश सीखने की यात्रा को 1.2 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

### महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

# दीक्षांत समारोह में मिश्र देंगे 42 स्वर्ण पदक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह बुधवार को दोपहर 12.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र 42 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। साथ ही 864 स्नातक, 21 स्मातकोत्तर व 74 विद्या-वाचस्पति छात्र-छात्राओं को दीक्षा व उपाधियां प्रदान की जाएगी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि समारोह में डॉ. आर. सी. अग्रवाल उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली दीक्षांत उद्बोधन देंगे। कुलपति कर्नाटक ने बताया कि इस वर्ष का कुलाधिपति स्वर्ण पदक सुश्री दीक्षा शर्मा एमएससी कृषि (सस्य विज्ञान) को प्रदान किया जाएगा। दीक्षांत समारोह का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय मिलेट् वर्ष 2023 के संदर्भ में तैयार दस्तावेज 'श्री अन्न कॉफी टेबल बुक' होगी व माननीय राज्यपाल इसका विमोचन करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट् वर्ष के मद्देनजर विश्वविद्यालय में उल्लेखनीय कार्य हुए है। निदेशक अनुसंधान की ओर से मिनी मिलेट् वाटिका विकसित की गई।

## डाइट द्वारा आयोजित आईसीटी विद्यालयों के लिए दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राजस्थान राज्य शैक्षिक व अनुसंधान परिषद, उदयपुर के निर्देशन में बीकानेर डाईट ई.टी. प्रभाग के द्वारा आयोजित विद्यालयों के आईसीटी लैब प्रभारी कंप्यूटर अनुदेशकों एवं शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण (द्वितीय बैच) का समापन मंगलवार को डाइट सभागार में हुआ। डाईट प्राचार्य सुलेखा स्वामी ने कहा कि डिजिटल शिक्षा का वर्तमान तकनीकी परिवेश में अहम स्थान है। प्रभागाध्यक्ष ललिता चाहर ने बताया कि शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को शिक्षा प्रौद्योगिकी के साथ अद्यतन रखने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर हुकमचंद चौधरी ने संभागियों को आईसीटी लैब, वर्चुअल लैब्स, डिजिटल सामग्री निर्माण, भंडारण एवं प्रसार की नवीनतम तकनीकियों से अवगत करवाया साथ ही डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचार दीक्षा, स्वयंप्रभा, स्वयं, पीएम ई-विद्या, ई-कक्षा, ई-ज्ञान मिशन स्टार्ट असेसमेंट पोर्टल आदि की जानकारी अभ्यास सत्र के दौरान संभागीयों को दी गई। प्रशिक्षण को इंटरएक्टिव बनाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान kahoot, Padlet व breakout room जैसी तकनीकों का प्रयोग किया गया। संभागियों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण नियमित अंतराल पर आयोजित करवाने का अनुरोध किया।

**ANCHOR** जाँच शुरू

# झाडोली-सिवेरा मार्ग पर नियमों के विरूध पट्टे जारी करने का मामला लोकायुक्त में दर्ज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम झाडोली-सिवेरा मार्ग पर ग्राम पंचायत ने नियमो के विरूध आम रास्ता पर पट्टा जारी करने के मामले को लेकर महेन्द्र गर्ग निवासी झाडोली ने प्रमुख सचिव, लोकायुक्त सचिवालय शासन सचिवालय जयपुर के समक्ष परिवेदना दर्ज कर जांच करवाने की मांग थी, जिसको लेकर लोकायुक्त ने न केवल प्रकरण को गंभीरता से लिया, बल्कि जांच भी शुरू करवा दी है। वही परिवादी गर्ग ने प्रमुख सचिव को बताया कि प्रकरण संख्या 12(234) एल.ए.एस./2023 के संदर्भ में ग्राम की तरफ से राजस्थान सम्पर्क पार्टल आईडी 03213639692653 के तहत गत दिनांक 24 मार्च 2021 को ग्राम पंचायत झाडोली ने अपने जवाब में लिखा था कि विकास अधिकारी (प्रशासन) पंचायत समिति द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मौका निरीक्षण कर कार्य रूकवाने हेतु नोटिस जारी किया गया। और मौके पर कार्य बंद करवाया। नोटिस द्वारा पट्टा या दस्तावेज कब्जे संबधित अतिक्रमण चिन्हीकरण किया जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अमल में लाने को कहां गया था, लेकिन पट्टाधारक मोहन सिंह पुत्र चिमन सिंह जाति राजपूत ने ग्राम पंचायत से मिलकर आमरास्ते की भूमि को हडपने के लिए योजना बनाई और अपने परकोटे के बहार अवैध निर्माण शुरू कर दिया। जिसकी ग्राम विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया था, और ग्राम पंचायत ने अतिक्रमी को नोटिस के मार्फत हटाने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन अप्रार्थी मोहन सिंह ने जिला न्यायधीश के समक्ष योजना के तहत एक परिवाद पेश किया। और कुछ माह बाद ग्राम पंचायत से मिलीभगत कर जिला न्यायधीश में झुठे शपत्र पत्र एवं कथन के जरीये, दोनो पक्षों सहमति बनी कि अप्रार्थी को ग्राम पंचायत पट्टा जारी करें, लेकिन हकीकत पुरे गांव व फोटो से साफ जाहीर है कि जनवरी वर्ष 2021 में परकोट के सामने किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं था, तो कुछ ही माह में कैसे पुरानी अतिक्रमण हो गया! और आनन-फानन दुकानो को निर्माण करवाकर, बाजार दर से बेचान भी शुरू हो गया। इस मामले में करोडो रूपये का भ्रष्टाचार प्रशासन के समक्ष हो गया, लेकिन प्रशासन ने अपनी आंखे बंद रखी, लेकिन अब इस मामले पर लोकायुक्त गंभीर है।





## मुख्यमंत्री ने भरतपुर स्थित अपने आवास पर पहुचं कर अपने माता-पिता एवं परिजनों से लिया आशीर्वाद

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंगलवार को भरतपुर स्थित अपने आवास पर पहुंचे। उन्होंने अपने माता-पिता एवं परिजनों से आशीर्वाद लिया एवं अपने आवास स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# पीएम मोदी का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत बनाना- प्रभुलाल सैनी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया गया। इस दौरान कार्यशाला के दो सत्र आयोजित किए गए जिसमें प्रथम सत्र को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक प्रभुलाल सैनी ने संबोधित किया। वहीं दूसरे सत्र को मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा ने संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्षों और जिला महामंत्रियों को प्रदेशभर से पांच लाख दस्तकारों और कारीगरों को इस योजना से जोड़ने के लक्ष्य को लेकर चलने का आह्वान किया गया। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत से 50 दस्तकारों और कारीगरों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक ट्रेड के कारीगरों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के विजन पर काम किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूरदृष्टि के नेता हैं और इसी वजह से उनकी लोकप्रियता हर दिन बढ़ रही है। कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने आजादी के बाद जो आर्थिक रोडमैप बनाया उसमें हमारे पारंपरिक व्यवसायों लघु उद्योग, कुटीर उद्योग और किसानों को कौशल से दूर करने का प्रयास किया। वहीं दूसरी ओर सरदार पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. भीमराव अंबेडकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नवनिर्माण और पुनर्निर्माण पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती पर पारंपरिक व्यवसायों को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की संकल्पना सार्मथ्य और समृद्धि को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी हर दिन काम कर रहे हैं। प्रदेश, जिलों और ग्राम पंचायत स्तर पर इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाएंगे। भाजपा गरीब समर्थक दल है और प्रधानमंत्री गरीब समर्थक नेता हैं। इसलिए उन्होने गांव के उस छोटे कामगार दस्तकार और कारीगर को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की है।

### लोकसभा आम चुनाव -2024: मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचन आयोग की वीसी

# 17 वर्ष से अधिक आयु के युवा 6 जनवरी से जुड़वा सकेंगे नाम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों के संबंध में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के संबंध में राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस क्रम में अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के दौरान 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आगामी 6 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश भर में इनकी संख्या करीब 3 लाख होगी। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर, दिव्यांग एवं सहरिया आदिवसियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के 4 अक्टूबर, 2023 को अंतिम प्रकाशन के बाद नए नाम जोड़ने के लिए अब तक प्रपत्र 6 में 3,11,034 आवेदन सहित कुल 5,27,032 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 87,314 को छोडकर शेष आवेदन निस्तारित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 6 नवंबर, 2023 ई-रोल अपडेट हुए सभी मतदाताओं को मतदाता पहचान-पत्र मुद्रित कर वितरित किए जा चुके हैं।

उन्होने बताया कि सभी जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा विधानसभा वार एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा तथा दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे। 2 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी, 2024 को किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की वीसी से पूर्व मंगलवार को निर्वाचन विभाग की ओर से ईआरओ कार्यालयों के 400 से अधिक कार्मिकों को मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों को मतदाता सूचियों में फोटो सिमिलर एंट्री (पीएसई) एवं डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री (डीएसई) वाले दोहरे नाम हटाने के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिए गए। प्रदेश भर की मतदाता सूचियों में डीएसई के रूप में लगभग 51,000 एवं पीएसई के रूप में 1,10,439 दोहरे नाम अंकित हैं।



### 9 मोबाइल वैन ने 18 ग्राम पंचायतों में किया योजनाओं का प्रचार

# आमजन को मिल रहा केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। जयपुर ग्रामीण में 9 मोबाइल वैन ने कुल 18 ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लेकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सरना चौड व सरना डूंगर पंचायत समिति झोटवाड़ा, ग्राम पंचायत भूड़ला एवं भटेरी पंचायत समिति तूंगा, ग्राम पंचायत तीतरिया व सूरजपुरा टूटोली पंचायत समिति चाकसू, ग्राम पंचायत भूरानपुरा एवं राजपुरवास पंचायत समिति जमवारामगढ़, ग्राम पंचायत धवली एवं नयाबास पंचायत समिति शाहपुरा, ग्राम पंचायत गुड्लिया एवं नांगल गोविन्द पंचायत समिति गोविन्दगढ़, ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा एवं चैनपुरा पंचायत समिति सांभर, ग्राम पंचायत खोरामीणा व ढण्ढ पंचायत समिति आमेर एवं ग्राम पंचायत विधानी व गोनेर पंचायत समिति सांगानेर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें 114 जन प्रतिनिधियों, प्रशानिक अधिकारियों एवं विशिष्ठ व्यक्तियों ने भाग लिया।

#### ग्रामीण क्षेत्र में इन योजनाओं का प्रचार कर रही यात्रा

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, हर घर जल- जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन स्कीम, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर्स सरीखी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर रही है।

## गोविंददेव मंदिर नंदोत्सव में गोपाल शर्मा ने लिया श्रीजी महाराज का आशीर्वाद



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री गोविंद देव मंदिर स्थित सत्संग भवन में निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज श्याम शरण देवाचार्य के सान्निध्य में चल रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को नंदोत्सव मनाया गया। इस भव्य समारोह में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भागवत कथा में शामिल होकर श्रीजी महाराज का आशीर्वाद लिया। भक्ति भाव में डूबे गोविंद देव जी के भक्तों के बीच गोपाल शर्मा ने भागवत कथा का रसपान किया। उन्होंने कहा कि जयपुर की समृद्ध भक्ति परंपरा के कारण इसे छोटी काशी के रूप में जाना जाता है। गोविंद देव जी इस नगरी के आराध्य हैं, इसलिए उनके मंदिर में श्रीजी महाराज की कथा होना और भी महत्वपूर्ण है। नंदोत्सव में श्रीजी महाराज ने व्यास पीठ से "नंद के घर आनंद भए जय कन्हैया लाल की" का उद्घोष किया तो सत्संग भवन जयकारों से गूंज उठा। श्रीजी महाराज ने कहा कि भारत भूमि भगवान का साक्षात बैकुंठ स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत की अस्मिता की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। हमारा नारा होना चाहिए - "जाति पंथ अनेक हैं, फिर भी हिंदू एक हैं। जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं।"

## प्रो. महेश दाधीच बने नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के सीईओ



**भिवानी @ जागरूक जनता।** बीपीएस महिला विवि खानपुर कलां गोहाना के आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य प्रो.महेश दाधीच को आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने 5 वर्ष के लिए नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड नई दिल्ली का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद परिषद सदस्य डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने खुशी जताई। डॉ भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रो. महेश दाधीच को नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड ( राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड) नई दिल्ली की जिम्मेदारी मिलने से निश्चित रूप से आगामी पांच वर्षों में एनएमपीबी बोर्ड (NMPB) सफलताओं के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। डॉ भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि समस्त आयुर्वेद जगत में प्रो.महेश दाधीच की नियुक्ति पर खुशी है।

## उपमुख्यमंत्री का फागी, दूदू और मौजमाबाद में भव्य स्वागत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मगलवार को दूदू जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान फागी पहुंचने पर नगर पालिका प्रांगण में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया इसके बाद मौजमाबाद पंचायत समिति खेल मैदान में लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने आमजन को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही राजस्थान राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों का दिल से आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि सभी समुदायों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। आमजन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की अब अधिकारी एवं कर्मचारी किसी व्यक्ति विशेष के लिए कार्य न करके इस देवतुल्य जनता के लिए कार्य करेंगे। अन्नपूर्णा गार्डन दूदू में जिलेवासियों ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नई सरकार को राज्य की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके हम आभारी है। हमारी सरकार जनभावनाओं की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।

## गीता जयंती पर बैरवा ने किया गीता पढ़ने के लिए प्रोत्साहित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आज से 5000 वर्षो पहले भगवन कृष्ण ने अर्जुन को भगवद गीता का उपदेश दिया, यह उपदेश उन्होंने सिर्फ अर्जुन को ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति को उसके कल्याण के लिए दिया। आज पूरा विश्व पूरे उत्साह और भक्ति से गीता पढ़ रहा है और इस महाग्रंथ से प्रेरणा ले रहा है क्योकि मानव जीवन की सारी समस्याओं का हल भगवान् कृष्ण ने स्वयं गीता के माध्यम से किया है। आज पूरी दुनिया में 87 भाषाओं में गीता पढ़ी जा रही है जो अपने आप में एक दुर्लभ उदाहरण है।

हमारे समाज का हर व्यक्ति गीता से जुड़े इसके लिए राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने एक अनूठी पहल की है, उन्होंने स्वयं लोगों को भगवद गीता पढने के लिए प्रोत्साहित किया है। गौरतलब है की 23 दिसंबर को गीता जयंती है और इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने हरे कृष्ण मवमेंट द्वारा चलाये गए गीता कांटेस्ट में लोगों का ज़्यादा से ज़्यादा भाग लेने के लिए आह्वान किया और गीता कांटेस्ट के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने समाज के हर एक व्यक्ति से ये अपील की वो भगवद गीता पढ़े और भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को जो महत्वपर्ण शिक्षा दी उसी को अपने जीवन मे आत्मसात करे। इस अवसर पर हरे कृष्ण मूवमेंट के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने राजस्थान के उप मुख्यमंत्री का धन्यवाद् किया और साथ ही उन्हें श्री कृष्ण बलराम मंदिर में होने वाले गीता जयंती और शुभारम्भ महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया। उपाध्यक्ष ने आम जनता से अपील करते हुए कहा की वो ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में हरे कृष्ण मवमेंट के गीता कांटेस्ट,बुक मैराथन और हेरिटेज फेस्ट से जुड़कर अपना सहयोग व योगदान करें।

### रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट संभाग स्तर पर करेगा कारसेवकों का सम्मान, जयपुर संभाग से होगी शुरुआत

# रामराज्य महोत्सव: कारसेवकों का सम्मान 17 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर संपूर्ण देशभर में रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रामराज्य महोत्सव मनाया जा रहा है इस कड़ी में अब राजस्थान में संभाग स्तर पर रामराज्य कारसेवक संगम समारोह आयोजित होंगे जिसमें प्रदेश के कारसेवकों को सम्मानित किया जाएगा । रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं रामराज्य महोत्सव के मुख्य संयोजक जगदीश ए.पंचारिया ने बताया कि सैंकडों वर्षो से हमारे राम तिरपाल एवं तंबू अर्थात टेंट में रहे और कारसेवकों के विशेष योगदान से बाइस जनवरी को हमारे रामलला अपने महल में विराजेंगे और इस कार्य के लिए सभी कारसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है अतः इस अवसर पर कारसेवकों को सम्मानित करने के अभियान की शुरुआत जयपुर से होगी और संभागीय स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित करके कारसेवकों का सम्मान किया जायेगा इसी क्रम में बाइस जनवरी को प्रातः काल से सायंकाल तक जयपुर शहर के चारों ओर स्थित कच्ची बस्तियों , सेवा बस्तियों एवम झुग्गी झोंपड़ियों में लगभग सवा लाख घरों में श्रीराम प्रसादी वितरण की जाएगी एवम साथ में भगवान श्री राम का चित्र एवं ध्वजा वितरण की जाएगी।



#### झुग्गी झोंपड़ियों और कच्ची बस्तियों में होगा श्री राम प्रसादी का वितरण

रामराज्य महोत्सव के संयोजक प्रीतेश माथुर ने बताया कि बाइस जनवरी को रामराज्य महोत्सव के तहत रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट एवम रवि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जन सहयोग से जयपुर की सैंकडों कच्ची बस्तियों और झुग्गी झोंपड़ियों में राम प्रसादी का वितरण किया जायेगा योजना अनुसार जयपुर शहर के चारों ओर स्थित करीब तीन सौ कच्ची बस्तियों के लगभग सवा लाख घरों में राम प्रसादी का वितरण किया जायेगा तथा हर घर में भगवा पताका, श्री राम का चित्र एवम अन्य सामग्री भी वितरण की जाएगी। रवि फाउंडेशन के अध्यक्ष पुलकित भारद्वाज ने बताया कि इस कड़ी में वितरण व्यवस्था में सहयोग हेतु अलग अलग संगठनों संस्थाओं और मंचों को जोड़ा जा रहा है एवम बस्ती अनुसार सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है और बस्तियों के अनुसार बस्ती प्रमुख तय किए जा रहे हैं जिससे जयपुर शहर के सवा लाख उन परिवारों तक श्री राम प्रसादी एवम अन्य सामग्री पहुंचाई जा सके जिनकी सहभागिता सार्वजनिक कार्यक्रमों नहीं हो पाती।

#### श्रीराम जन्मभूमि के लिए कारसेवकों का होगा सम्मान

ट्रस्ट के मुख्य मार्गदर्शक एवं पूर्व आयकर आयुक्त नरेंद्र गौड़ ने बताया कि श्री रामजन्म भूमि पर कारसेवा के दौरान अनगिनत कारसेवक राम भक्तों ने श्री राम की जन्मभूमि के लिए स्वयं को आहूत किया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए आज उन्ही की बदौलत सैंकडों सालों से हमारे राम टेंट से अपने महल में विराजमान हो रहे हैं अतः राम के लिए न्योछावर कारसेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए यह कार्यर म आयोजित किया जा रहा है इस अवसर पर उनके परिजनों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। रामराज्य महोत्सव के तहत हो रहे इस कार्यक्रम के लिए रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं मुख्य संयोजक जगदीश ए.पंचारिया, रामराज्य महोत्सव के संयोजक प्रीतेश माथुर, मुख्य मार्गदर्शक नरेंद्र गौड़, मुख्य संरक्षक आशुतोष पंत, संरक्षक डॉक्टर पुष्कर तिवाड़ी, डॉक्टर ललित शर्मा चोमू, वरिष्ठ समाज सेवी विकास सिरोही, महासचिव नवीन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार टिक्कीवाल, समन्वयक तनया गडकरी, आशा मिश्रा, विजया पारीक, सुशीला परिहार, राजेश शर्मा, आदेश चतुर्वेदी सहित करीब दो दर्जन पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी लेकर कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी है।